▪ वैशाख कृष्ण - 4 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 269 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » रविवार » 28-04-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 विपक्ष की सरकारों में आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी : योगी

6 ले. कर्नल अबजीत सिंह: ख़ुद हुए बलिदान, अपनी व्यूह-रचना से बचा ली कई साथियों की जान

7 शिवराज चौहान के दिल्ली में बड़ी भूमिका निभाने की संभावना

## फर्स्ट टेक

### रूस ने यूक्रेन के चार ताप विद्युत संयंत्र पर किया मिसाइल हमला

**कीव/एजेन्सी।** रूस ने रात भर यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के चार ताप विद्युत संयंत्र (टीपीपी) पर मिसाइल हमले किए। कंपनी ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। डीटीईके की प्रेस सेवा के अनुसार रूसी हवाई हमलों से टीपीपी में विद्युत उपकरणों को काफी क्षति पहुंची है। ऊर्जा मंत्रालय ने टेलीग्राम में एक पोस्ट किया कि रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी ल्वीव और इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्रों और सेंट्रल निप्रॉपेट्रोव्स्क क्षेत्र में हमल कर ऊर्जा बुनियादी ढांचे की सुविधाएं को नुकसान पहुंचाया है। कंपनी ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि रूसी हमलों के कारण डीटीईके की 80 प्रतिशत उत्पादन क्षमता खत्म हो गयी है।

### जम्मू में तीन सैन्य अधिकारियों के 'शौर्य स्मारक' का अनावरण

**जम्मू/भाषा।** देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले तीन सैन्य अधिकारियों के 'शौर्य स्मारक' का यहां सैनिक स्कूल नगरोटा में अनावरण किया गया। रक्षा प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह स्मारक दिवंगत मेजर अरविंद बजाला, दिवंगत मेजर रोहित कुमार और दिवंगत फ्लाइट लेफ्टिनेंट अद्वितीय बल से संबंधित है। ये तीनों अधिकारी सैनिक स्कूल नगरोटा के छात्र थे जिन्होंने पश्चिम बंगाल (30 नवंबर, 2016), जम्मू (21 सितंबर, 2021) और राजस्थान (28 जुलाई, 2022) में अलग-अलग हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं में देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर कर दिए। प्रवक्ता ने कहा कि 16वीं कोर मुख्यालय के प्रमुख एवं सैनिक स्कूल नगरोटा के स्थानीय प्रशासन बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल शैलेन्द्र सिंह ने बहादुर अधिकारियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया और श्रद्धांजलि दी।

### संदिग्ध नक्सलियों ने की पूर्व जनपद पंचायत सदस्य की हत्या

**दंतेवाड़ा/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने कांग्रेस के स्थानीय नेता एवं पूर्व जनपद पंचायत सदस्य की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोटाली गांव में संदिग्ध नक्सलियों ने जोगा पोड़ियाम की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार पोड़ियाम अपने घर पर थे तब शुक्रवार देर रात कुछ हथियारबंद लोग वहां पहुंचे और उन्होंने धारदार हथियार से पोड़ियाम की हत्या कर दी।

| 28-04-2024 | 29-04-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 5:48 बजे | सूर्योदय 6:23 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 73,730.16 | 22,419.95 |
| (-609.28) | (-150.40) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,651 रु. | 90,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### पोल का ढोल

परिणामों की प्रत्याशा को,
बता रहे हैं एक्जिट पोल।
देख-देख करके संख्याएं,
नेता दिखते डाँवाडोल।
आशंकाएं मन में पाले,
दावे करते गोलमगोल।
चेहरे का भूगोल बताता,
कैसे भूमि रही है डोल।।

# ईवीएम पर सवाल उठाने के लिए कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए : मोदी

## हमारा दृष्टिकोण तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वास्को (गोवा)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली में यह भी कहा कि गोवा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के शत-प्रतिशत कार्यान्वयन का एक मॉडल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने ईवीएम के बारे में झूठ बोला और लोगों को भड़काने की कोशिश की, लेकिन उच्चतम न्यायालय ने अपने हालिया फैसले में कहा कि ईवीएम में कुछ भी गड़बड़ी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने रुख के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''गोवा भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का एक मॉडल है, जिसने किसानों, गरीबों, मछुआरों, महिलाओं को लाभ पहुंचाया है। मोदी आपके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जी रहे हैं।'' मोदी ने कहा कि गोवा को देशभक्तों की भूमि, इसके भव्य मंदिरों और चर्च के लिए जाना जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2024 का चुनाव विचारधारा की लड़ाई है, जिसमें एक तरफ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करना चाहता है, दूसरी तरफ 'इंडिया' गठबंधन है जो अपने परिवारों की रक्षा के लिए स्वार्थी उद्देश्यों से काम करता है। उन्होंने कहा, ''हमारा दृष्टिकोण तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण है।''

मोदी ने कहा कि भाजपा नीत सरकार देश में ओलंपिक आयोजित करेगी और वह गोवा को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में बदल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मछुआरों के लिए बीमा कवर बढ़ाया जाएगा।

मोदी ने दावा किया कि 'इंडि' गठबंधन अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहता है और कांग्रेस 55 प्रतिशत विरासत कर लगाने की योजना बना रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''कांग्रेस के साहबजादे लोगों की संपत्ति की जांच करने और इसे दूसरों को वितरित करने के लिए विदेश से एक एक्स-रे मशीन लाने वाले हैं।''

### मुंबई लोकल ट्रेन की जगह आएगी, वंदे भारत मेट्रो

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** मुंबई की लोकल ट्रेनों को अगले तीन से चार साल के भीतर वंदे भारत मेट्रो ट्रेन सेट से बदल दिया जाएगा जिससे मुंबई के दैनिक यात्रियों को मेट्रो की तर्ज पर वातानुकूलित एवं स्वचालित गेट वाली सुरक्षित सेवा मिलेगी। रेलवे बोर्ड के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कपूरथला स्थिति रेल कोच फैक्ट्री में वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का पहला रैक करीब -करीब तैयार है और अगले महीने परीक्षण के लिए बाहर आएगा। सूत्रों के अनुसार वंदे भारत मेट्रो के 50 रैक बनने के बाद 400 और रैक के निर्माण का आर्डर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के 12 बड़े एवं मझोले नगरों के बीच वंदे भारत मेट्रो से दैनिक यात्रा की सुविधा मिलेगी।वंदे भारत मेट्रो ट्रेन 12 कोच वाला ट्रेन सेट होगा जिसे आवश्यकता पड़ने पर 16 कोच का बनाया जा सकता है। यह अत्यंत तीव्रता से गति पकड़ने और तेजी से रुकने वाली गाड़ी होगी जिसे औसतन सौ सवा सौ किलोमीटर की दूरी वाले दो प्रमुख स्टेशनों के बीच कई फेरों चलाने की योजना है।

## गुजरात और राजस्थान

# नशीली दवा बनाने वाली गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़

## 300 करोड़ की नशीली दवा जब्त की गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते के साथ मिलकर गुजरात और राजस्थान में नशीली दवा बनाने वाली तीन अत्याधुनिक गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ कर 300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की दवा जब्त की हैं।

ब्यूरो ने शनिवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस संयुक्त कार्रवाई में मुख्य रूप से मेफेड्रोन नाम की नशीली दवा बनाने वाली तीन गुप्त प्रयोगशालाओं का भंडाफोड़ किया गया है । ब्यूरो ने कहा है कि अभी चौथी प्रयोगशाला पर छापेमारी जारी है। रात भर कई राज्यों में चले ऑपरेशन में 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन जब्त किया गया। इस अभियान में सात व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं और सरगना की पहचान कर ली गयी है। अब जांच एजेन्सी इन दवाओं के वितरण से जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही है।

आतंकवाद रोधी दस्ते को गुजरात और राजस्थान से संचालित इन गुप्त प्रयोगशालाओं के बारे में जानकारी मिली थी। तीन महीने से अधिक समय तक चले ऑपरेशन में इस नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों के साथ-साथ गुप्त प्रयोगशालाओं की पहचान के लिए गहन तकनीकी और जमीनी निगरानी की गई। संयुक्त टीमों ने तीन संदिग्ध स्थानों राजस्थान के जालोर जिले के भीनमाल, जोधपुर जिले के ओसियां और गुजरात के गांधीनगर जिले में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान कुल 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन की बरामदगी की गयी।

## पुरस्कार समारोह



शनिवार को नई दिल्ली में विश्व मानवाधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आयोजित एक पुरस्कार समारोह में उपस्थित बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा।

### सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी मामले में आरोपियों पर मकोका के तहत मुकदमा दर्ज

**मुंबई/भाषा।** मुंबई पुलिस ने 14 अप्रैल को बांद्रा स्थित अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना को लेकर शनिवार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कथित शूटर विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) के अलावा सोनू कुमार चंदर बिश्नोई (37) और अनुज थापन (32) के साथ-साथ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई पर भी मकोका लगाया गया है। बिहार के रहने वाले गुप्ता और पाल को 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ से जबकि सोनू बिश्नोई और थापन को 25 अप्रैल को पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। कनाडा में रहने वाले अनमोल बिश्नोई ने एक फेसबुक पोस्ट के माध्यम से गोलीबारी प्रकरण की जिम्मेदारी ली थी। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में बंद है।

### रूस ने कन्सर्ट हॉल हमले में एक और संदिग्ध को गिरफ्तार किया

**मॉस्को/एपी।** शहर की एक अदालत ने मार्च में मॉस्को के एक उपनगरीय कन्सर्ट हॉल पर हुई गोलीबारी में बंदूकधारियों के एक और संदिग्ध सहयोगी को हिरासत में लिया है। मॉस्को सिटी कोर्ट के टेलीग्राम चैनल पर शनिवार को यह जानकारी दी गई। इस हमले जिसमें 144 लोग मारे गए थे। ताजिकिस्तान के नागरिक दजुमोखोन कुर्बोनोव पर हमलावरों को संचार और वित्तपोषण के साधन उपलब्ध कराने का आरोप है।

# मुबंई के हौसले पस्त, दिल्ली जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** जेक फ्रेज़र-मक्गर्क (84) और शे होप (41) की तूफानी पारियों के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 43वें मुकाबले में शनिवार को मुबंई इंडियंस (एमआई) को आसानी से दस रन से हरा कर मौजूदा सत्र में अपनी पांचवीं जीत दर्ज की।

अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने पहले खेलते हुये चार विकेट पर 257 रन बनाये जिसके जवाब में मुबंई की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी। दिल्ली और मुबंई के बीच जीत हार का अंतर उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने पैदा किया। टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरे दिल्ली के जेक फ्रेजर और अभिषेक पोरल (36) ने पहले पॉवर प्ले का भरपूर फायदा उठाया और शतकीय साझीदारी कर डाली। जेक ने 27 गेंदों की संक्षिप्त पारी में 11 चौके और छह छक्के लगा कर दिल्ली की फिजां को और गर्म कर दिया। जेक के आउट होने के बाद शे होप ने पांच छक्कों की मदद से 17 गेंदों में 41 रन ठोक कर दिल्ली के लिये बड़े स्कोर का प्लेटफार्म तैयार कर दिया। दिल्ली के शीर्ष तीन खिलाड़ियों ने 13.4 ओवर के खेल में 180 रन बनाये। वहीं मुबंई का टाप आर्डर दिल्ली के गेंदबाजों के सामने आत्मसमर्पण कर गया जिसने मध्यक्रम पर खासा दवाब बनाया और अंततः वह मुबंई की हार का कारक बना। रोहित शर्मा (8),ईशान किशन (20) और इंपेक्ट प्लेयर के तौर पर सूर्य कुमार यादव (26) ने अपने विकेट सस्ते में गंवा कर टीम की मुश्किलों में इजाफा किया और पहले पॉवर प्ले में मुबंई का स्कोर तीन विकेट पर 65 रन हो गया।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा के दावे को खारिज करते कहा

# मोदी की 'झूठ की फैक्टरी' अब नहीं चलेगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बारपेटा (असम)/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनकी पार्टी के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावे को खारिज करते हुए शनिवार को कहा कि ''मोदी की झूठ की फैक्टरी'' हमेशा नहीं चलेगी।

असम में बारपेटा जिले के कयाकूचि में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि देश में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या है और 65 प्रतिशत शिक्षित युवाओं के पास नौकरियां नहीं हैं। उन्होंने कहा, ''इंडिया गठबंधन निश्चित रूप से सत्ता में आएगा और भाजपा को रोकेगा। हमारी सरकार बनने पर, हम महंगाई को काबू करेंगे और हमारा ध्यान गरीब लोगों पर होगा। हम सरकारी विभागों में 30 लाख रिक्तियां भरेंगे।''

खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को ''झूठों का सरदार'' करार देते हुए उनपर सालाना दो करोड़ नौकरियां देने, कालाधन वापस देश में लाने और हर व्यक्ति को 15 लाख रुपये देने तथा किसानों की आय दोगुनी करने के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''मोदी की झूठ की फैक्टरी हमेशा नहीं चलेगी। उन्होंने यहां तक कि कांग्रेस के घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताया और इस बारे में झूठ बोला।''

मोदी ने उत्तर प्रदेश के आगरा में एक चुनावी रैली में बृहस्पतिवार को कहा था कि इस चुनाव में कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, उस पर शत प्रतिशत मुस्लिम लीग की छाप है।

खरगे ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कुछ अमीर दोस्तों के 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिये। अमीर और भी अमीर हो रहे हैं जबकि गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। लेकिन हमने कभी भी भाजपा और आरएसएस की तरह देश को न लूटा न उसे बांटा। इन दोनों को समुदायों, जातियों और धर्मों के बीच लड़ाई कराने की महारत हासिल है।'' खरगे ने मणिपुर में पिछले साल मई में हिंसा भड़कने के बाद से राज्य का एक बार भी दौरा नहीं करने को लेकर भी मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के एक छोर से दूसरे छोर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' का नेतृत्व किया, जबकि मोदी 'भारत तोड़ो' के लिए काम कर रहे हैं। खरगे ने दावा किया, ''प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार पर लगातार हमला बोल रहे हैं क्योंकि वह डरे हुए हैं और उन्हें सत्ता जाने का डर सता रहा है।'' उन्होंने कहा, ''जो व्यक्ति दूसरों का दर्द नहीं महसूस कर सकता उसे सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं है।''

देश में बेरोजगारी की स्थिति पर उन्होंने दावा किया, ''बेरोजगारी देश में एक बड़ा मुद्दा है।

### हूती विद्रोहियों के मिसाइल हमले में भारत जा रहे तेल टैंकर को नुकसान

**यरुशलम/एपी।** यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई बैलिस्टिक मिसाइलों ने शुक्रवार को लाल सागर से गुजर रहे पनामा के ध्वज वाले तेल टैंकर को मामूली नुकसान हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि यह जहाज रूस से भारत जा रहा था। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमान ने कहा कि विद्रोहियों ने हमले में तीन मिसाइलें दागीं, जिनमें से एक ने पनामा के ध्वज वाले, सेशेल्स-पंजीकृत 'एंड्रोमेडा स्टार' को क्षतिग्रस्त कर दिया। निजी सुरक्षा कंपनी एंब्रे ने टैंकर को रूस से जुड़े व्यापार में संलग्न बताया। एंब्रे ने कहा, जहाज रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार की ओर जा रहा था। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बाद में विद्रोहियों द्वारा प्रसारित एक पूर्व-रिकॉर्डेड बयान में शनिवार तड़के हमले का दावा किया। उन्होंने टैंकर को सीधे निशाना बनाए जाने का उल्लेख किया। अमेरिका ने कहा कि एक अन्य जहाज, एंटिका-बारबाडोस-ध्वजांकित, लाइबेरिया द्वारा संचालित मैशा भी हमले के समय पास में था।

# घनिष्ठ रक्षा सहयोग की योजनाओं पर भारत, ईरान ने की चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ जनरल अश्तियानी ने ईरान और भारत के बीच सैन्य और रक्षा सहयोग के क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा की स्थापना पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला और भारत के साथ रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के आवश्यकता पर भी जोर दिया।

**तेहरान/एजेन्सी।** भारत और ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों ने पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में नाजुक स्थिति के मद्देनजर पारस्परिक घनिष्ठ रक्षा सहयोग की योजनाओं पर चर्चा की।

एक रिपोर्ट में कहा कि रक्षा सहयोग पर चर्चा ईरानी रक्षा मंत्री ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रजा अश्तियानी ने कजाकिस्तान में भारतीय रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने के साथ बैठक के दौरान की।

बैठक के दौरान ईरान के रक्षा मंत्री ने कहा, कि रणनीतिक क्षेत्रों में ईरान और भारत के पास पश्चिम एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप में शांति और सुरक्षा स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं। यह बैठक कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के एक सम्मेलन के मौके पर आयोजित की गयी थी।

ईरानी रक्षा मंत्री ने दाएश (आईएसआईएस) आतंकवादी समूह के खिलाफ जंग और उसे क्षेत्र में दोबारा सत्ता हासिल करने से रोकने के लिए तेहरान और भारत के बीच घनिष्ठ सहयोग का भी आह्वान किया। जनरल अश्तियानी ने ईरान और भारत के बीच सैन्य और रक्षा सहयोग के क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा की स्थापना पर पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डाला और भारत के साथ रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के आवश्यकता पर भी जोर दिया।

तस्नीम समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रक्षा सचिव ने 'सीरिया में इजरायली हवाई हमले में ईरानी सैन्य सलाहकारों की जान जाने पर ईरान के प्रति सहानुभूति व्यक्त की और क्षेत्रीय सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने संयुक्त नौसैनिक युद्धाभ्यास में भाग लेने, रक्षा और शैक्षिक अनुसंधान करने और सैन्य छात्रों के आदान-प्रदान के द्वारा नौसैनिक क्षेत्र में ईरान के साथ मजबूत सैन्य सहयोग की भी बात की।



# सुनीता केजरीवाल ने पहला चुनावी रोड शो कर कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री को कोई तोड़ नहीं सकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार शाम को पूर्वी दिल्ली से आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में पहला रोड शो किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल शेर हैं और कोई उन्हें तोड़ या झुका नहीं सकता।


एक वाहन में सवार, सुनीता केजरीवाल ने पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के कोंडली क्षेत्र में मतदाताओं का हाथ जोड़कर अभिवादन करती नजर आईं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया क्योंकि उन्होंने स्कूल बनवाए, मुफ्त बिजली मुहैया कराई और मोहल्ला क्लीनिक खोले।

सुनीता केजरीवाल ने कहा, हम तानाशाही हटाने और लोकतंत्र बचाने के लिए वोट करेंगे।

पार्टी नेताओं के मुताबिक, धनशोधन मामले में अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी आप के चुनाव अभियान की अगुवाई करेंगी। इसी के तहत सुनीता रविवार को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में भी रोड शो करेंगी।

पार्टी नेताओं ने कहा कि सुनीता केजरीवाल दक्षिणी दिल्ली और नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्रों के साथ-साथ गुजरात, हरियाणा और पंजाब में भी आप उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगी।

## सहज स्मृति योग



**व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।**

**प्रश्न :** गुरुजी, क्या आप मानते हैं कि सनातन धर्म में एक भी कमी नहीं है ? यह क्या बिलकुल शुद्ध सोना ही है? आप उत्तर ना दें तो भी कोई बात नहीं, मैंने अपनी आवाज़ तो आप तक पहुँचा ही दी हैं।

**उत्तर:** पहले तो मैं अपनी प्रसन्नता व्यक्त करूँ कि आप बोले तो सही, भले ही आपका वाद तत्वतः सही हो या नहीं पर कुछ ना कुछ मात्रा में तो सच होगा ही। हर सनातनी का रोना ही यही है कि उनसे कोई भी वाद, मत, पंथ, संप्रदाय, मज़हब, रिलीजंस आदि संवाद करने आगे आते ही नहीं है, चाहे वे स्वयं को बाहरी समझें या इसके हिस्से। सदा हरेक सनातनी ही सर्वत्र अपने आप को लिए लिए फिरता है। आवाज़ चाहे हमारी हो या आपकी, सच्ची आवाज़ केवल आवाज़ होती है। तत्वतः वह 'किसी' की नहीं होती क्योंकि सच्ची आवाज़ सबकी आवाज़ होती है। जो आवाज़ सबकी नहीं हो पाती वह पूर्ण सत्य भी नहीं हो पाती क्योंकि तत्वतः सत्य कोई जड़ वस्तु नहीं है बल्कि वह अर्हता है, योग्यता है, पात्रता है जिसे सब अपनी आत्मा को गढ़ने का अधिकार देने के लिए जन्म-जन्म ढूँढते रहते हैं। मैं सनातन गुरु शिष्य सम्बन्ध का /परिवार का /परंपरा का गुण गायक हूँ और आप सबकी दृष्टि में भी वही हो सकूँ तो धरा पर धरा मानव जीवन धन्य और कृतकृत्य हो जाए। जो सबको अपना जानता हो वही सनातनी है। तो ऐसे में वह किसकी कमियाँ निकालेगा ? और कमियाँ निकाल कर वह कहाँ फेंकेगा? क्योंकि सनातन का अर्थ होता है आदि अंत रहित सर्वव्यापी। चिंतन कीजिए। सनातनी चेतना में धर्म मझहब रिलीजंस इत्यादि जैसा कोई भेद सम्भव भी है क्या ? विचार कीजिए। चिंतन करने और विचार करने से मन निर्मल होता है, बुद्धि शुद्ध होती है और हृदय द्वेष और द्वैत से निर्मित सांसारिकता से परे सनातन शुद्ध चैतन्य में गति लय और स्थित हो जाता है।




# हम जीवित हैं क्योंकि मोदी ने हमारे लिए कोविड-19 के टीके की उपलब्धता सुनिश्चित की : फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पुणे/भाषा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि भारतीय आज जीवित हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोविड-19 महामारी के दौरान इससे बचाव के लिए टीके के विकास और इसकी उपलब्धता की सुविधा प्रदान की। फडवीस ने केंद्र सरकार की 'वैक्सीन मैत्री' पहल का जिक्र करते हुए कहा कि आज लगभग दुनिया के 100 देश ऐसे हैं, जो टीकों की खुराक उपलब्ध कराने और अपने नागरिकों को कोरोना वायरस संक्रमण से बचाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को श्रेय देते हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता फडणवीस ने कोविड-19 महामारी के प्रकोप को याद करते हुए कहा कि कई लोगों ने अपने प्रियजनों को वायरस के कारण खो दिया और ऐसी आशंका थी कि देश में 40 से 50 करोड़ लोगों की संक्रमण के कारण मौत हो जाएगी क्योंकि कोई भी भारत की सहायता के लिए आगे नहीं आएगा।

फडणवीस ने लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवार संजय काका पाटिल के समर्थन में पश्चिमी महाराष्ट्र के सांगली में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, दुनिया के कुछ ही देशों ने टीके का आविष्कार किया था। उनका मानना था कि भारत उनसे कोविड-19 टीकों के रूप में सहायता मांगने आएगा। उन्होंने कहा कि तब दुनिया को यह नहीं पता था कि भारत के नेतृत्व के शीर्ष पर एक दिग्गज व्यक्ति है जो जानते हैं कि अपने देश के लोगों की रक्षा कैसे करनी है। उन्होंने कहा, मोदी जी वैज्ञानिकों को एक साथ लाए, उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए और देश में कोविड-19 के टीके के निर्माण की सुविधा प्रदान की।



# आंध्र प्रदेश : वाईएसआरसीपी ने घोषणापत्र जारी किया, पेंशन राशि बढ़ाने का वादा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अमरावती। वाईएसआरसीपी प्रमुख वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया और कल्याण पेंशन को धीरे-धीरे 3,000 रुपए से बढ़ाकर 3,500 रुपए प्रति माह करने का वादा किया। पार्टी ने घोषणापत्र में राज्य सरकार का संचालन विशाखापत्तनम से करने का भी वादा किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण पेंशन, जो वर्तमान में 3,000 रुपए प्रति माह है, जनवरी 2028 से बढ़ाकर 3,250 रुपए और उसके बाद जनवरी 2029 से 3,500 रुपए कर दी जाएगी। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख रेड्डी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 2024 में वाईएसआरसीपी की सरकार बनने के तुरंत बाद विशाखापत्तनम को सरकार की कार्यकारी राजधानी बनाया जाएगा। इसे राज्य के 'ग्रोथ इंजन' के रूप में विकसित किया जाएगा।

इसके अलावा, उन्होंने संकल्प जताया कि अमरावती को विधायी राजधानी और कुर्नूल को न्यायिक राजधानी के रूप में विकसित किया जाएगा। पिछले पांच वर्षों में शुरू की गई लगभग सभी योजनाओं को जारी रखते हुए रेड्डी ने 'अम्मा वोडी' जैसी कुछ योजनाओं की राशि बढ़ाने का भी वादा किया। 'अम्मा वोडी' योजना के तहत सहायता राशि 15,000 रुपए प्रति वर्ष से बढ़ाकर 17,000 रुपए करने का वादा किया गया है।

## केंद्र ने छह देशों को 99,150 टन प्याज निर्यात की अनुमति दी

नई दिल्ली/भाषा। केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने निर्यात पर प्रतिबंध के बावजूद छह देशों को 99,150 टन प्याज भेजने की अनुमति दी है।

केंद्र ने पश्चिम एशिया और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2,000 टन सफेद प्याज के निर्यात की भी अनुमति दी है।

सरकार ने आठ दिसंबर, 2023 को प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि सरकार ने ''छह देशों – बांग्लादेश, यूएई, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है।

पिछले साल की तुलना में 2023-24 में खरीफ और रबी की पैदावार कम होने के अनुमान के चलते पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्यात प्रतिबंध लगाया गया है।

इन देशों को प्याज निर्यात करने वाली एजेंसी राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) ने ई-प्लेटफॉर्म के जरिए निर्यात के लिए घरेलू प्याज मंगाया है।

# लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा : अजित पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




पुणे/भाषा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शनिवार को बारामती में कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। बारामती लोकसभा सीट से अजित की पत्नी सुनेत्रा पवार सत्तारूढ़ गठबंधन की उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। सुनेत्रा का मुकाबला तीन बार की सांसद सुप्रिया सुले से है, जो उनकी ननद और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार की बेटी हैं।

अजित ने अंबेगांव में सुनेत्रा पवार के पक्ष में आयोजित एक रैली में कहा, यह चुनाव किसी गांव या (पारिवारिक) रिश्तों के बारे में नहीं है। यह चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा, मुझे खाली जमीन दिखाइए, मैं वहां स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनवाऊंगा। रायगढ़ किले में रोपवे सुविधा के लिए राशि दी जाएगी। वेखा तालुका का नाम बदलकर रायगढ़ करने की मांग पूरी हुई।

मैंने मराठा समुदाय के लिए कड़ी मेहनत की है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग (अविभाजित राकांपा के) 'घड़ी' चुनाव चिह्न पर चुनाव जीते हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हैं, जबकि इस बार जो लोग 'घड़ी' चुनाव चिह्न पर जीतेंगे, वे प्रधानमंत्री का समर्थन करेंगे।

पिछले साल जुलाई में अजित पवार और आठ विधायकों के राज्य में एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) टूट गई थी। बाद में निर्वाचन आयोग ने उनके गुट को पार्टी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिह्न दे दिया।

वर्ष 2009 से बारामती से सांसद सुले के स्पष्ट संदर्भ में पवार ने कहा, गंभीरता से सोचें कि उन्होंने पिछले 15 वर्षों में क्या काम किया और फिर वोट करें।



# कांग्रेस-आप झूठी, शहरी नक्सली चुनने की गलती न करें : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरूच/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लोगों से शहरी नक्सलियों को मत देने की गलती नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी आदिवासी विरोधी हैं। गुजरात के भरूच लोकसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से भाजपा के निवर्तमान सांसद मनसुख वसावा को वोट देने का आग्रह किया। यहां आप ने कांग्रेस के साथ गठबंधन के तहत एक उम्मीदवार खड़ा किया है।

शाह ने कहा, आपको मनसुख वसावा जैसा जन प्रतिनिधि कभी नहीं मिलेगा। यदि आप गलती करते हैं, तो कोई शहरी नक्सली उनकी जगह (सांसद के रूप में) ले लेगा और इस आदिवासी क्षेत्र को नष्ट कर देगा।

मनसुख वसावा को भरूच में आप के मौजूदा विधायक चैतर वसावा के खिलाफ खड़ा किया गया है। भरूच दक्षिण गुजरात का हिस्सा है जहां आदिवासियों की खासी मौजूदगी है।

शाह ने कहा, कांग्रेस और आप लोगों को लूटने के लिए एक साथ आए हैं। मुझे यह कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि कांग्रेस एक आदिवासी विरोधी पार्टी है और आप आदिवासियों का वोट पाने के बाद उनका शोषण करेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस और आप अफवाह फैला रही हैं कि 400 लोकसभा सीटें जीतने के बाद भाजपा संविधान बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठ फैलाने में विशेषज्ञ है और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी झूठ फैलाने में सरदार है।

शाह ने कहा, ये दो झूठे लोग (भरूच में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के हिस्से के रूप में) एक साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि (प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी सरकार पिछले 10 वर्षों से स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में है और अगर ऐसा करने का कोई इरादा होता तो वह संविधान को बदल सकती थी। उन्होंने कहा, मैं यहां आपको यह बताने आया हूं कि मोदी की गारंटी है कि वह आदिवासियों, दलितों या ओबीसी के आरक्षण को न तो छूएंगे और न ही किसी को छूने देंगे।

शाह ने आगे दावा किया कि कांग्रेस और आप झूठ फैला रहे हैं कि प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) आदिवासियों के मौलिक अधिकार छीन लेगी।

### केजरीवाल ने न्यायालय से कहा

# ईडी ने आबकारी नीति मामले में बेहद मनमाने तरीके से काम किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में ''बेहद मनमाने तरीके'' से काम किया।

मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में ईडी के हलफनामे पर जवाब में केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा जांच में सहयोग किया है।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता ने कहा कि ईडी ने शीर्ष अदालत में दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी की एक वजह यह थी कि वह नौ बार तलब किए जाने के बावजूद जांच अधिकारी के सामने उपस्थित नहीं हुए थे।

केजरीवाल ने कहा कि ईडी ने अपने जवाब में कहा है कि ऐसे मामले में जांच अधिकारी का यह राय बनाना उचित था कि हिरासत में पूछताछ से आरोपी से ठोस पूछताछ हो पाएगी। उन्होंने कहा, जवाब के आशय, पाठ और सामग्री से कोई संदेह नहीं रह जाता है कि ईडी ने कानून की उचित प्रक्रिया का सरासर अपमान करते हुए बहुत ही मनमाने तरीके से काम किया है।

केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी के जवाब में उसके रुख को समग्र रूप से देखने से उसकी कार्यवाही में ''साफ झूठ'' उजागर हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलेगा कि महत्वपूर्ण विवरण और जानकारी मांगने के दौरान उन्हें जारी किए गए प्रत्येक समन का विधिवत जवाब दिया गया था, जिसे किसी भी परिस्थिति में ईडी द्वारा गोपनीय होने का दावा नहीं किया जा सकता है।



केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी ने कभी भी उनके द्वारा जांच में कथित असहयोग का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा, याचिकाकर्ता (केजरीवाल) को किसी अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से न बुलाने या उनसे लिखित में या डिजिटल माध्यम से दस्तावेज न मांगने और व्यक्तिगत रूप से उनकी उपस्थिति पर जोर देने की क्या जरूरत थी, यह पता नहीं चल पा रहा है।

आप नेता ने कहा कि उनकी याचिका स्वीकार किए जाने योग्य है और वह तुरंत रिहा किए जाने के हकदार हैं।

इस सप्ताह की शुरुआत में शीर्ष अदालत में दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के ''सरगना और मुख्य साजिशकर्ता'' हैं और सबूत के आधार पर अपराध के लिए किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं करती है।

ईडी ने यह भी दावा किया कि केजरीवाल ने अपने मंत्रियों और आप नेताओं के साथ मिलकर काम किया और नीति के तहत पहुंचाए गए लाभ के बदले में शराब कारोबारियों से ''रिश्वत मांगने'' में भी शामिल थे।

ईडी ने कहा कि गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका में कोई तथ्य नहीं होने के आधार पर इसे खारिज करने योग्य बताया।

# मोदी सरकार के दौरान बेरोजगारी दर सबसे अधिक : प्रियंका वाड्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लातूर(महाराष्ट्र)/भाषा। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने नौकरियों एवं महंगाई को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्रहार किया और कहा कि देश में बेरोजगारी दर अपने चरम पर है।

लातूर जिले के उदगीर में कांग्रेस उम्मीदवार के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्र (सरकार के विभागों) में 30 लाख पद खाली पड़े हैं, जो पिछले 10 साल में नहीं भरे गए। उन्होंने कहा, (लोगों की समस्याएं) और बेरोजगारी बढ़ गई है। 70 करोड़ लोग, विशेष रूप से नौजवान बेरोजगार हैं।

कांग्रेस महासचिव ने यह भी कहा कि जीएसटी (माल एवं सेवा कर) प्रत्येक कृषि उपकरण पर लगा दिया गया है। उन्होंने कांग्रेस के सत्ता में आने पर इसे खत्म करने का वादा किया।

प्रियंका ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा, महाराष्ट्र में विधायकों की खरीद फरोख्त की गई, सरकार गिरा दी गई और पार्टियों में विभाजन करा दिया गया। उन्होंने कहा, लोकतंत्र के साथ जो कुछ हो रहा उससे बड़ा कोई अपराध नहीं है।

कांग्रेस ने लातूर (आरक्षित) लोकसभा सीट पर भाजपा के मौजूदा सांसद सुधाकर श्रंगारे के खिलाफ नेत्र चिकित्सक शिवाजी कलगे को उम्मीदवार बनाया है।

# मध्य प्रदेश में 24 घंटे में चार दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भोपाल/भाषा। मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में चार अलग-अलग दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मैहर और राजगढ़ जिलों में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में तीन-तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि मंडला जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सिवनी जिले में एक कार और ट्रक की टक्कर में दो अन्य लोगों की मौत हो गई।

अमदरा के थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि मैहर जिले में शनिवार सुबह करीब चार बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बोरी गांव के पास एक कार और ट्रक के बीच टक्कर हो गई, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया।

छपारा थाने के सहायक उपनिरीक्षक प्रेमनारायण सूर्यवंशी ने बताया कि जबलपुर -सिवनी राजमार्ग पर ट्रक से एक कार के टकरा जाने पर शिक्षिका प्रियवृंदा बिसेन (32) और उनके भाई बंसत पटेल (40) की मौत हो गई।



# समस्याओं के समाधान के लिए सभी को साथ मिलकर आगे बढ़ना होगा : पीडीपी प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पुंछ/जम्मू/भाषा। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को कहा कि लोगों को अपने धर्म और क्षेत्र की परवाह नहीं करते हुए मुद्दों के समाधान के लिए एक साथ आगे बढ़ना होगा तथा एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में जनता का समर्थन हासिल करने के लिए पुंछ और राजौरी जिलों के एक हफ्ते के दौरे पर हैं और भारी बारिश के बावजूद पुंछ शहर में उन्होंने एक रोड शो को संबोधित किया।

सीमावर्ती जिले पुंछ और राजौरी अनंतनाग संसदीय क्षेत्र का हिस्सा हैं, जहां सात मई को तीसरे चरण में मतदान होने जा रहा है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की महबूबा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता एवं पूर्व मंत्री मियां अल्ताफ सहित 21 उम्मीदवार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।




## राज्य के पिछड़े समाज सावधान

# आपकी राह से हटकर निर्माण कर रहे हैं मोदी : सिद्दरामैया

## मोदी ने आरक्षण पर भी झूठ बोला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बागलकोट। यहां एक चुनावी सभा में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने खुलेआम दहाड़ते हुए कहा कि राज्य के पिछड़े समुदाय सावधान रहें। मोदी आपके रास्ते से से हट रहे हैं और मुसलमानों के खिलाफ भड़का रहे हैं। बागलकोट से कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी संयुक्ता पाटिल को जिताने के लिए बुलाई गई विशाल जनसभा में मुख्यमंत्री ने इस तरह सवाल उठाए।

उन्होंने पिछड़ी जाति समुदाय को सावधान रहने की चेतावनी देते हुए कहा कि 'देश की 102 लोकसभा सीटों पर पहले चरण के चुनाव के बाद मोदी को साफ संकेत मिल गया है कि बीजेपी हारेगी। इस वजह से वे भयानक झूठ बोल रहे हैं।' वे यह झूठ बोलकर पिछड़े वर्गों को मुसलमानों के खिलाफ भड़का रहे हैं कि वे पिछड़े वर्गों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे रहे हैं। उन्होंने पिछड़ी जाति-समुदायों को सावधान रहने की चेतावनी दी।

मोदी ने आरक्षण पर भी झूठ बोला। उन्हें संविधान की कोई जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कड़वाहट से सवाल किया कि क्या उन्हें इस स्तर पर झूठ बोलने के लिए कोई शर्म या गरिमा है। यह वही भाजपा है जिसने मंडल रिपोर्ट का विरोध किया था और पिछड़ों के लिए आत्महत्या का रास्ता अपनाया था। रामाजोइस बीजेपी से हैं जो पिछड़े वर्ग के आरक्षण के खिलाफ कोर्ट गए थे। यह वही भाजपा है जिसने स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण दिए जाने पर विरोध किया था। उन्होंने आक्रोश जताया कि जो पिछड़ा और महिला विरोधी है, वह अब पिछड़ों को मुसलमानों के खिलाफ खड़ा कर रहा है और साथ ही दोनों समुदायों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है।



# मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को अधिकारियों को इस गर्मी में लोगों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राज्य के कई हिस्सों में चल रही 'लू' की स्थिति के मद्देनजर यहां राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि गर्मी अपने साथ दो तरह के संकट लेकर आई है।

स्टालिन ने कहा, एक तो अत्यधिक गर्मी और दूसरा पीने के पानी की बढ़ती मांग। हालांकि, पिछले पूर्वोत्तर मानसून के दौरान तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में भारी वर्षा हुई थी जिसके कारण बाढ़ आ गई थी। जबकि राज्य के अन्य हिस्सों, विशेषकर पश्चिमी जिलों, जिन्हें जलग्रहण क्षेत्र माना जाता है, इन क्षेत्रों में कम वर्षा हुई। इस समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव और अन्य विभागीय सचिवों ने मुख्यमंत्री को पेयजल की कमी के बारे में बताया। इसके अलावा, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने उल्लेख किया है कि इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम के दौरान, शुरुआती एक या दो महीनों में वर्षा की मात्रा अपेक्षा से कम हो सकती है।

स्टालिन ने कहा, ''इसलिए, अब हम एक कठिन स्थिति में हैं, जहां हमें बांधों में पानी का संयम से उपयोग करना होगा और अगले दो महीनों के लिए पीने के पानी की आवश्यकता को पूरा करना होगा।''

मुख्यमंत्री ने मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी विभाग के अधिकारियों से पेयजल समस्या से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेने और समस्याओं का तुरंत समाधान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य के 22 जिलों को पहले ही सूखाग्रस्त जिले घोषित किया जा चुका है और जल आपूर्ति कार्यों के लिए राज्य आपदा राहत कोष से 150 करोड़ रुपये रखे गए हैं। नगर निगम के अधिकारियों को विभिन्न संयुक्त पेयजल योजनाओं के कामकाज की निगरानी करनी चाहिए और उनका रखरखाव करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा, 'गर्मियों के दौरान पानी की मांग अधिक होती है, जबकि पानी की उपलब्धता कम हो जाती है। इसे ध्यान में रखें और जनता के हित के लिए एकजुट होकर प्रयास करें।'

# सूखाग्रस्त जिलों के जलाशयों में सिर्फ 55 फीसदी पानी, किसानों को दी गई ये सलाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के सूखाग्रस्त वेल्लोर, रानीपेट, तिरुपत्तूर और तिरुवन्नामलाई जिलों के अधिकांश जलाशयों में केवल 55 प्रतिशत पानी बचा है। इसलिए किसानों को कम पानी की जरूरत वाली फसलों की ओर रुख करने की सलाह दी गई है। तमिलनाडु जल संसाधन विभाग के सूत्रों ने बताया, क्षेत्र के प्रमुख जलाशयों में बचे 55 फीसदी पानी का उपयोग कृषि के लिए नहीं किया जाएगा। इसका उपयोग केवल घरेलू खपत के लिए किया जाएगा।

मौसम विभाग पहले ही कह चुका है कि आने वाले दिनों में इन जिलों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। फिलहाल इन जिलों में तापमान 38 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच है। बहुत ज्यादा गर्मी की स्थिति के कारण पलार नदी सूख गई है। यह नदी इस क्षेत्र में पानी के मुख्य स्रोतों में से एक है। तमिलनाडु कृषि विभाग ने किसानों को मक्का, रागी, मूंगफली, गेहूं, दालें जैसे- मूंग और उड़द की फसलें उगाने की सलाह दी है। इन फसलों को कम पानी की जरूरत होती है। ये फसलें किसानों को अधिक रिटर्न भी देंगी। तमिलनाडु में किसान परंपरागत रूप से गन्ना, धान और केले की खेती करते हैं, जिनके लिए ज्यादा पानी की जरूरत होती है।

तिरुपत्तूर में गन्ना किसान के. रामास्वामी ने आईएएनएस को बताया, कृषि विभाग ने क्षेत्र में पानी की ज्यादा कमी होने के कारण पहले ही हमें गन्ना और धान की खेती से मक्का, गेहूं और रागी की खेती करने के लिए कहा है। हालांकि, हमने अभी तक इस पर फैसला नहीं लिया है। विभाग ने हमें नई फसलों पर स्विच करने के फायदों के बारे में जानकारी दी है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसानों को जल संरक्षण के लिए ड्रिप सिंचाई तकनीक अपनाने की भी सलाह दी गई है।

## कल्लाकुरिची जिले के उलुंदुरपेट के पास बस पलटी, 15 यात्री घायल

**कल्लाकुरिची।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले के उलुंदुरपेट के पास एक बस पलट जाने से 15 यात्री घायल हो गए। घायलों को तुरंत पास के राजकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया ,उनका इलाज जारी है। बस को क्रेन की मदद से बचाया गया और इडक्कल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बीजेपी मुसलमानों का आरक्षण रद्द करने के अपने रुख पर कायम : बोम्मई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हुब्बल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री और हावेरी लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार बसवराज बोम्मई ने कहा कि भाजपा कर्नाटक में मुसलमानों के लिए आरक्षण रद्द करने के अपने रुख पर कायम है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सिद्दरामैया झूठ बोल रहे हैं, वह भी अदालती कार्यवाही के बारे में्। अभी तक सीएम ने कोर्ट में यह खुलासा नहीं किया है कि उनकी सरकार मुसलमानों का आरक्षण रद्द करेगी या नहीं।

बोम्मई ने कहा कि हमारे रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। यह ज्ञात नहीं है कि वर्तमान राज्य सरकार इसे जारी रखेगी या नहीं। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने बहुत पहले ही इसका विरोध किया था। बोम्मई ने कहा कि डॉ. बी.आर.अंबेडकर ने संविधान में स्पष्ट रूप से कहा है कि धर्म आधारित आरक्षण नहीं होगा। इसके बावजूद मुस्लिम समुदाय के लगभग 24 उप-संप्रदाय आरक्षण की 2ए श्रेणी में हैं। जब आंध्र प्रदेश में इसी तरह की कवायद की गई तो सुप्रीम कोर्ट ने इसकी मंजूरी नहीं दी। उन्होंने कहा, लेकिन अब जब मौजूदा कांग्रेस सरकार की बात आई, तो उनके पास एक अलग तर्क है।

हाल ही में हुब्बल्ली के एक कॉलेज में एमसीए छात्रा नेहा हीरेमथ की हत्या पर टिप्पणी करते हुए बोम्मई ने दावा किया कि मामले की जांच पटरी से उतर गई है। शुक्रवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात करने वाले बोम्मई ने कहा, अगर राज्य सरकार का किसी को बचाने का कोई इरादा नहीं है, तो मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपा जाना चाहिए। बोम्मई ने दावा किया कि कांग्रेस ने जांच को भटकाने की कोशिश की, लेकिन विपक्षी दलों ने इसे विफल कर दिया। इस साजिश के पीछे बहुत सारे लोग थे और इसका खुलासा नेहा के माता-पिता ने किया है। बोम्मई ने कहा कि परिवार चाहता है कि मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए्। राज्य सरकार ने इसे सीआईडी को सौंपकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। किसी को बचाने के लिए इस मामले को दबाया नहीं जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया द्वारा विपक्षी दलों पर हत्या का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाने के बारे में पूछे जाने पर, बोम्मई ने कहा कि अगर कॉलेज परिसर में हत्या होती है, तो क्या विपक्षी दलों को चुप रहना चाहिए? क्या कांग्रेस पार्टी विपक्ष में रहते हुए चुप रही?

मुख्यमंत्री उनसे शांत रहने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? इस घटना से पूरा राज्य हिल गया है और छात्र विरोध में शामिल हो रहे हैं्। क्या वे राजनीति कर रहे हैं?

## चेन्नई के अस्पताल में पाकिस्तानी युवती के हृदय का सफल प्रत्यारोपण किया गया

चेन्नई। पाकिस्तान की एक युवती को नयी दिल्ली के 69 वर्षीय अंगदान दाता से हृदय मिलने के बाद नया जीवन मिला है। चेन्नई शहर के एक अस्पताल में सर्जरी करने वाले चिकित्सकों ने कहा कि कराची की 19 वर्षीय युवती की हृदय प्रत्यारोपण सर्जरी सफलतापूर्वक हुई और उसे हाल ही में छुट्टी दे दी गई। युवती ने कहा, मैं अब ठीक महसूस कर रही हूं। मुझे वीजा देने के लिए मैं भारत सरकार को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने नया जीवन देने के लिए भारतीय चिकित्सकों को भी धन्यवाद दिया। युवती की मां सनोबर ने कहा कि उनकी बेटी जब चेन्नई पहुंचीं तब वह बहुत बीमार थीं। उन्होंने कहा, हमें आपातकालीन वीजा मिला...चिकित्सकों ने उसे बचा लिया। यहां एमजीएम हेल्थकेयर के 'इंस्टीट्यूट ऑफ हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट' के निदेशक डॉ के.आर. बालकृष्णन ने कहा कि वीजा मिलना कठिन था जबकि इससे अधिक मरीज के परिवार के लिए इलाज का खर्च वहन करना मुश्किल था।

# कुमारस्वामी गद्दार हैं : डीके शिवकुमार

## भीख नहीं हक चाहिए, प्रदर्शन आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी को यह कहने के लिए गद्दार कहा कि केंद्र द्वारा दी गई मामूली सूखा राहत कर्नाटक के लिए पर्याप्त थी।

केंद्र की सूखा राहत पर केपीसीसी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद, केंद्र बहुत छोटी राशि देने पर सहमत हुआ है। कुमारस्वामी ने यह कहकर कर्नाटक को धोखा दिया है कि केंद्र द्वारा दी गई सांकेतिक सूखा राहत राज्य के लिए पर्याप्त थी। राज्य उसकी निजी संपत्ति नहीं है कि वह यह कह सके कि राहत पर्याप्त है या नहीं। हमने सूखा राहत के लिए अपनी कानूनी लड़ाई जारी रखने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि एक जन प्रतिनिधि के रूप में, कुमारस्वामी को दिल्ली में अपने गठबंधन सहयोगियों से बात करनी चाहिए थी और राज्य के लिए अधिक सूखा राहत की मांग करनी चाहिए थी। इसके बजाय, वह कह रहे हैं कि केंद्र द्वारा जारी की गई छोटी राशि पर्याप्त थी।

हमारी सरकार ने 13 सितंबर, 2023 को 223 तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया था। सूखे ने 46 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि और 2.06 लाख हेक्टेयर बागवानी भूमि में फसलों को प्रभावित किया है। फसलों को कुल 35,000 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया था। उन्होंने समझाया, एनडीआरएफ दिशानिर्देशों के अनुसार, कर्नाटक सरकार ने 18,172 करोड़ रुपये की सूखा राहत की मांग की थी। हमारे कई मंत्रियों ने केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर सूखा राहत की मांग की थी। हमारे मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री ने भी सूखे से राहत के लिए दिल्ली का दौरा किया। उन्होंने कहा कि 'चूंकि केंद्र ने सूखा राहत के लिए हमारी अपीलों पर ध्यान नहीं दिया, इसलिए हमारी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद केंद्र सूखा राहत के लिए 3,454 करोड़ रुपये देने पर सहमत हो गया है। लेकिन हमें नहीं पता कि पैसा हमारे खाते में कब जमा होगा।''

### केंद्र के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आज

केंद्र ने बहुत छोटी राहत राशि की घोषणा की है जो किसानों को सूखा राहत प्रदान करने के लिए पूरी तरह अपर्याप्त होगी। इसे देखते हुए हमने विधान सौधा स्थित गांधी प्रतिमा के पास धरना देने का फैसला किया है।

हम अधिक सूखा राहत के लिए अपनी कानूनी लड़ाई भी जारी रखेंगे। हम भीख नहीं मांग रहे हैं, यह हमारा अधिकार है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में केपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष जीसी चंद्रशेखर, अभियान समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सोराके, केपीसीसी मीडिया और संचार सेल के अध्यक्ष रमेश बाबू, पूर्व राज्यसभा सांसद एल हनुमंतैया और केपीसीसी अध्यक्ष के राजनीतिक और मीडिया सचिव दीपक थिमैया उपस्थित थे।

### गर्मी



गर्मी से जनजीवन प्रभावित होने के कारण शनिवार को हम्पी में तुंगा भद्रा नदी के चक्रतीर्थ पर लड़के गर्मी से राहत पा रहे हैं।

## इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माता देश के सुरक्षा हितों को सुनिश्चित करें : आईटी सचिव

**चेन्नई/भाषा।** इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माताओं को नई परियोजनाएं शुरू करते समय देश के सुरक्षा हितों को सुनिश्चित करना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार इस विषय पर खुलकर बात कर रही है और कंपनियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जा रहा है कि किसी परियोजना को तैयार करते समय देश के सुरक्षा हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए। कृष्णन ने कहा, हमने इस बारे में (पहले) संक्षेप में बात की थी और बताया था कि कैसे साइबर सुरक्षा अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में मैं विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों से कहना चाहूंगा कि हमें हर दिन इस बारे में अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है। वह मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और द सदर्न इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसआईसीसीआई) द्वारा आयोजित 10वें जी रामचंद्रन व्याख्यान में बोल रहे थे। उन्होंने विस्तार से बताया, इस क्षेत्र (साइबर सुरक्षा) के महत्वपूर्ण होने के साथ ही राष्ट्रीय जोखिम भी बहुत बड़े हैं।

### सुरक्षा



शनिवार को तुमकुरु के वीवी साइंस कॉलेज में उस स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षा देखी गई जहां लोकसभा चुनाव की ईवीएम रखी गई हैं।



# शिक्षण की बोझिलता को दूर करने के लिए काम करने की जरूरत : राज्यपाल मिश्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि 'फैकल्टी डेवलपमेंट' के अंतर्गत शिक्षण की बोझिलता को दूर करने के लिए कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में जो नवीनतम परिवर्तन हो रहे हैं, उनको सम्मिलित करते हुए नई शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षण को प्रभावी किया जाए।

मिश्र शनिवार को महात्मा गांधी चिकित्सा विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में 'नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस' द्वारा आयोजित 'फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संकाय विकास कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें समयसंदर्भों से जोड़ते हुए शिक्षण को रुचिकर बनाना भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीखना और सीखाना सतत प्रक्रिया है। ऐसे कार्यक्रमों के जरिए यह प्रयास किया जाए कि शिक्षण विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सके। उन्होंने कहा कि सक्षम और प्रभावी शिक्षक ही विद्यार्थियों को भविष्य की नई दिशा प्रदान कर सकता है।

मिश्र ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य तकनीक का समावेश करते हुए चिकित्सा प्रशासन, शोधकर्ता की भूमिका आदि से जुड़े कौशल विकसित करने की ओर भी ध्यान दिया जाए।

उन्होंने देश की नई शिक्षा नीति के आलोक में भी 'फैकल्टी डेवलपमेंट' को अद्यतन किए जाने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा वही सार्थक है जिसमें नएपन पर जोर हो। शैक्षिक नवाचारों को जितना अधिक हम अपनाएंगे उतना ही हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के रास्ते खुलते चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि ज्ञानार्जन के साथ-साथ शिक्षा जनोपयोगी तभी बनेगी, जब युगीन संदर्भों का समावेश करते हुए उसमें नवाचारों को अपनाया जाए।

इससे पहले राज्यपाल ने उपस्थितजनों को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पहले 'नेशनल बोर्ड आफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस' के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत सेठ ने इस कार्यक्रम की उपादेयता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपाध्यक्ष डॉ. सी. मल्लिकार्जुन ने संकाय विकास के लिए राज्यवार किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बताया। उपाध्यक्ष डॉ. शिवकांत मिश्र ने सभी का आभार जताया।

## बांसवाड़ा जिले में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में चालक के कार पर से नियंत्रण खो देने के कारण वह एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गये। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार हादसा शुक्रवार देर रात बागीदौरा-कलिंजरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। पुलिस ने कहा कि एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत पांच लोग रेस्तरां से खाना खाने के बाद कार से लौट रहे थे और इस दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिसके बाद वह एक पेड़ से जा टकराया। पुलिस उपाधीक्षक विनय चौधरी ने बताया, 'हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए।' उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान कुलदीप कंसारा, अजय मईड़ा और शैयान यूसुफ के रूप में हुई। घायलों का बांसवाड़ा के एमजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# राजस्थान में लोकसभा चुनाव में 61.60 प्रतिशत मतदान हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 में 61.60 प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले लोकसभा चुनाव से करीब पांच प्रतिशत कम हैं। राजस्थान में इस बार लोकसभा चुनाव गत 19 एवं 26 अप्रैल दो चरणों में संपन्न हुए और प्रथम चरण के तहत 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा एवं नागौर में 58.28 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया जबकि दूसरे चरण के 13 लोकसभा क्षेत्र टोंक-सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, बासंवाड़ा, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां में 64.56 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों चरणों में 25 लोकसभा क्षेत्रों में 61.60 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि वर्ष 2019 में इन क्षेत्रों में 66.34 प्रतिशत मतदान हुआ था।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा क्षेत्रों में 64.6 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इसमें पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया गया 0.49 प्रतिशत मतदान भी शामिल है। पोलिंग से जुड़े दस्तावेजों की जांच के बाद मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्राप्त हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि इन 13 निर्वाचन क्षेत्रों में अनंतिम रूप से 64.6 प्रतिशत मतदान हुआ है। वर्ष 2019 में इन क्षेत्रों में 68.42 प्रतिशत मतदान हुआ था। कोटा और बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में वर्ष 2019 के मुकाबले मतदान प्रतिशत बढ़ा है। कोटा में वर्ष 2019 में 70.22 प्रतिशत था, इस बार यह आंकड़ा 71.42 प्रतिशत हो गया है। बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में वर्ष 2019 में 73.3 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस वर्ष इस क्षेत्र में 74.25 प्रतिशत मतदान हुआ।

दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अंनतिम आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष सर्वाधिक 74.25 प्रतिशत मतदान बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है जबकि वर्ष 2019 में सर्वाधिक 73.13 प्रतिशत मतदान बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र और सबसे कम 62.31 प्रतिशत मतदान पाली लोकसभा क्षेत्र में हुआ था। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के साथ ही बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में हुए उपचुनाव में ईवीएम से करीब 77 प्रतिशत मतदान हुआ।

इस बार लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण में टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र में 56.55 प्रतिशत, अजमेर में 59.22, पाली में 56.8, जोधपुर में 63.3 , बाड़मेर में 73.68, जालोर में 62.28 , उदयपुर में 64.01, बांसवाड़ा में 72.24, चित्तौड़गढ़ में 67.83, राजसमंद में 58.01 , भीलवाड़ा में 60.1, कोटा में 70.82 एवं झालावाड़-बारां में 68.72 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह इससे पहले हुए प्रथम चरण में गंगानगर लोकसभा क्षेत्र में 67.21 प्रतिशत, बीकानेर में 54.57, चूरू में 64.22, झुंझुनूं में 53.63, सीकर में 58.43 , जयपुर ग्रामीण में 57.65, जयपुर में 63.99 , अलवर में 60.61, भरतपुर में 53.43 , करौली-धौलपुर में 50.02, दौसा में 56.39 एवं नागौर लोकसभा क्षेत्र में 57.60 प्रतिश्त मतदान हुआ।

गुप्ता ने बताया कि 85 वर्ष एवं अधिक आयु के वृद्धजन और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए आयोग की ओर से होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई थी।

# एसीबी ने रिश्वत प्रकरण में जिलाधिकारी के आवास की तलाशी ली

**परिवादी ने 21 लाख रुपये देने में असमर्थता जाहिर की तो बाद में 15 लाख रुपये लेना तय हुआ। एसीबी अधिकारी ने बताया कि तय रकम में से 7.5 लाख रुपये कलेक्टर द्वारा अपने डाक बंगले पर मंगवाया जाना 'रिकॉर्डिड' बातचीत में स्पष्ट हुआ।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने कथित रिश्वतखोरी के एक प्रकरण में दूदू के जिलाधिकारी हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज के खिलाफ मामला दर्ज कर जिलाधिकारी के आवास तथा तहसील कार्यालय की तलाशी ली। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान शुक्रवार देर रात तक जारी रहा। एसीबी के उप महानिरीक्षक डॉ. रवि ने एक बयान में बताया कि परिवादी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई की दूदू कस्बे में उनकी कंपनी के नाम से 204 बीघा जमीन में से कुछ खसरे तालाब/पाल क्षेत्र में होने के कारण रूपांतरण करवाए जाने की बात को लेकर एक शिकायत जिलाधिकारी के पास गई थी। उन्होंने बताया कि इस पर कार्रवाई नहीं करने के एवज में दूदू के जिलाधिकारी और पटवारी द्वारा परिवादी से 25 लाख रुपये की मांग कर परेशान किया जा रहा था और बाद में 21 लाख रुपये लेना तय हुआ।

परिवादी ने 21 लाख रुपये देने में असमर्थता जाहिर की तो बाद में 15 लाख रुपये लेना तय हुआ। एसीबी अधिकारी ने बताया कि तय रकम में से 7.5 लाख रुपये कलेक्टर द्वारा अपने डाक बंगले पर मंगवाया जाना 'रिकॉर्डिड' बातचीत में स्पष्ट हुआ। ब्यूरो ने प्रारंभिक जांच में दूदू के जिलाधिकारी हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज द्वारा रिश्वत की मांग किए जाने की बात का सत्यापन करने के बाद दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

अदालत से तलाशी के लिए वारंट लेकर एसीबी जिलाधिकारी दूदू के डाक बंगले और तहसील कार्यालय पहुंची और वहां की तलाशी ली जो कि शुक्रवार देर रात तक जारी रही। राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के अधिकारी रह चुके ढाका को पिछले साल भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नत किया गया था।

## कई इलाकों में आंधी और बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से बीते 24 घंटे में राज्य के कई इलाकों में आंधी और बारिश दर्ज की गई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार इस दौरान सर्वाधिक बारिश जयपुर के जयपुर के चाकसू में 21 मिलीमीटर और बीकानेर के डूंगरगढ़ में चार मिलीमीटर दर्ज की गई है। इसके अनुसार आगामी पांच से छह दिन अधिकांश भागों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में आगामी 48 घंटे के दौरान आंशिक बादल छाए रहने और बूंदाबांदी की संभावना है।

इस दौरान अधिकतम तापमान में आज की तुलना में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट होने की संभावना है। एक और कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 29-30 अप्रैल को जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली तेज सतही हवा चलने की संभावना है।

# बांसवाड़ा और भीलवाड़ा सीट पर कांग्रेस आलाकमान के फैसले की परीक्षा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे फेज की 13 सीटों पर मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सभी सीटों पर कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है। वहीं, दो सीट डूंगरपुर-बांसवाड़ा और भीलवाड़ा सीट पर कांग्रेस आलाकमान के फैसलों की भी परीक्षा होगी। दूसरे फेज में शुक्रवार को अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, पाली, जालोर-सिरोही, जोधपुर, बाड़मेर-जैसलमेर, डूंगरपुर-बांसवाड़ा, झालावाड-बारां, कोटा-बूंदी, टोंक-सवाईमाधोपुर, राजसमंद और उदयपुर सीटों पर मतदान हुआ। इन सीटों पर कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की सिफारिश से टिकट मिले थे, ऐसे में उनकी प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है। अजमेर में रामचन्द्र चौधरी को पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा, चित्तौड़गढ़ में उदयलाल आंजना को पूर्व सीएम अशोक गहलोत और डोटासरा, पाली में गहलोत, जालोर-सिरोही में गहलोत, जोधपुर में गहलोत और कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट, बाड़मेर-जैसलमेर में गोविन्द डोटासरा, झालावाड़-बारां में गहलोत और डोटासरा, कोटा-बूंदी में गहलोत और डोटासरा, टोंक-सवाईमाधोपुर में सचिन पायलट, राजसमंद और उदयपुर में गहलोत के नजदीकियों को टिकट मिला। इन सीटों पर परिणाम आएंगे तो इन नेताओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी हुई है।

डूंगरपुर-बांसवाड़ा और भीलवाड़ा सीट पर टिकटों के फैसले कांग्रेस आलाकमान ने लिए थे। बांसवाड़ा सीट पर एनवक्त पर हुए गठबंधन का फैसला आलाकमान स्तर पर हुआ था। फैसले में वक्त लगने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी अरविंद डामोर ने पर्चा वापस नहीं लिया तो कांग्रेस के लिए अजीब सी स्थिति बन गई। डामोर को पार्टी से निष्कासित करने के बाद भी वे सिंबल के चलते पार्टी प्रत्याशी बने रहे। कांग्रेस ने बीएपी प्रत्याशी राजकुमार रोत को मतदान की अपील की तो डामोर ने कांग्रेस के नाम पर वोट मांगे।

इस सीट पर परिणाम इसीलिए रोचक हो गए। भीलवाड़ा सीट पर पहले दामोदर गुर्जर को और राजसमंद सीट पर सुदर्शन रावत को टिकट दिया।

रावत के चुनाव लड़ने से इनकार करने के बाद गुर्जर को राजसमंद भेजा गया। भीलवाड़ा सीट पर पेच फंसा तो आलाकमान ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सीपी जोशी को टिकट दिया। लिहाजा इन दोनों सीटों पर आलाकमान के फैसले की परीक्षा भी होगी।

जोधपुर अशोक गहलोत का गृह जिला है। जालोर-सिरोही से बेटे वैभव गहलोत के चुनाव लड़ने के कारण यहां भी गहलोत की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। पाली, राजसमंद और उदयपुर में भी गहलोत ने अपने भरोसेमंद लोगों को टिकट की पैरवी की थी। डॉ.सीपी जोशी का भीलवाड़ा गृह जिला और टोंक-सवाईमाधोपुर में टोंक सचिन पायलट का विधानसभा क्षेत्र है। गोविन्द डोटासरा ने बाड़मेर, अजमेर में जाट प्रत्याशियों के लिए पैरवी की तो झालावाड़, कोटा और चित्तौड़गढ़ में गहलोत और डोटासरा दोनों ही पैरवी करने वालों में शामिल थे।

# गौवंश को गर्मी और लू से बचाने के लिए गोपालन विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। गोपालन विभाग द्वारा गर्मी तथा लू के प्रकोप से गौशालाओं में संधारित गौवंश को बचाने के लिए विभाग की ओर से विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है, जिसमें विशेष रूप से पशुओं के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में संचालित गौशालाओं में संधारित गौवंश के संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं और इनके संचालन के लिए इन्हें अनुदान भी दिया जाता है। इन गौशालाओं का संचालन स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा दानदाताओं, भामाशाहों और जनसहयोग के माध्यम से किया जाता है। गौशालाओं के उचित रख रखाव और गौवंशों की देखभाल के लिए गोपालन विभाग द्वारा समय-समय पर एडवाइजरी जारी की जाती है।

गोपालन विभाग की निदेशक डॉ. शालिनी शर्मा ने बताया कि बदलते हुए मौसम में हर बार गौशालाओं को इस तरह के दिशा निर्देश जारी किए जाते हैं।

अभी गर्मी के मौसम में बढ़ते हुए तापमान और संभावित लू के प्रकोप से गौवंश को बचाने के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की जिसमें गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी, चारा, भूसा एवं अन्य पशु आहार, गौवंश को ताप एवं लू से बचाने के लिए छाया आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश गौशालाओं को जारी किए गए हैं। साथ ही उन्हें बीमार, अशक्त एवं गर्भवती गौवंश की उचित देखभाल एवं आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय उपचार की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि मृत गौवंश के शव का निस्तारण यथाशीघ्र सुरक्षित एवं सम्मानजनक तरीके से किया जाना अत्यंत आवश्यक है जिससे गर्मी के कारण बीमारी का खतरा न हो इसके लिए भी गौशालाओं को लिखा गया है।

## सुजान गंगा नहर में मिला व्यक्ति का शव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। भरतपुर के मथुरा गेट थाना इलाके स्थित सुजान गंगा नहर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। जिसे सिविल डिफेंस की टीम ने बाहर निकाला। शव की शिनाख्त हो गई है। पुलिस ने शव को आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। व्यक्ति कल सुजान गंगा नहर में गिरा था। कल भी सिविल डिफेंस की टीम ने व्यक्ति को काफी ढूंढा लेकिन, कुछ पता नहीं लग पाया था।मृतक के परिजनों ने बताया कि, दीपू (31) साल ई-रिक्शा चलाने का काम करता था। वह अपने परिवार के साथ किले में किराए के मकान में रहता था। कल वह सुजान गंगा नहर की बाउंड्री पर बैठा था तो, अचानक वह सुजान गंगा नहर में गिर गया। स्थानीय लोगों ने दीपू को नहर में गिरते हुए देख लिया था। उन्होंने घटना की सूचना मथुरा गेट थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया। सिविल डिफेंस की टीम ने दीपू को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया लेकिन, उसका कुछ पता नहीं लग पाया।आज सुबह दीपू का शव मथुरा गेट थाना इलाके में एक घाट पर दिखाई दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना मथुरा गेट थाना पुलिस को दी। मौके पर फिर से सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया गया। सिविल डिफेंस की टीम ने शव को सुजान गंगा नहर से बाहर निकाला।

## निर्देश



जयपुर में शनिवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में नवनिर्माणाधीन बालिका कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को उच्च गुणवत्ता एवं समय से पूर्ण करने के उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## आठ लोकसभा क्षेत्रों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरूषों से अधिक

जयपुर। लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत राजस्थान के सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 62.10 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। ईवीएम के माध्यम से 61.53 प्रतिशत और पोस्टल बैलेट के माध्यम से 0.57 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य में वर्ष 2019 के लोकसभा आम चुनाव में 66.34 प्रतिशत मतदान हुआ था। लोकसभा आम चुनाव-2024 में वर्ष 2019 के मुकाबले 3 लोकसभा क्षेत्रों बाड़मेर, कोटा और बांसवाड़ा के मतदान प्रतिशत में वृद्धि दर्ज हुई है। इस वर्ष बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक और करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र में सबसे कम मतदान हुआ है।

# रेलवे के सबसे लंबे पुल का निर्माण अगले वर्ष तक पूरा होने की संभावना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। पश्चिम-मध्य रेलवे के मध्य प्रदेश के कटनी में बन रहे भारतीय रेलवे के सबसे लंबे पुल (वायाडक्ट) का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसके अगले साल की शुरूआती तिमाही में बनकर तैयार हो जाने की संभावना है। पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल के जन सम्पर्क अधिकारी ने अधिकारिक जानकारी दी कि जबलपुर मण्डल के कटनी में बनाए जा रहे इस सबसे लंबे वायाडक्ट (पुल) की अप ग्रेड सेपरेटर की लम्बाई 16 किमी एंड डाउन ग्रेड सेपरेटर की लम्बाई 18 किलोमीटर सहित ग्रेड सेपरेट कुल लंबाई 34 किलोमीटर है। इस कुल लम्बाई के पुल में वॉयडक्ट 18 किमी, रिटेनिंग वॉल 3 किमी, और अर्थवर्क 13 किलोमीटर के साथ अप एंड डाउन ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना की लागत लगभग 1248 करोड़ रुपये है।

रेलवे के सूत्रों के अनुसार ग्रेड सेपरेटर परियोजना के निर्माण की मुख्य विशेषता यह है कि कटनी और कटनी मुड़वारा और न्यू कटनी जंक्शन के व्यस्त यार्ड को पार करने के लिए एलिवेटेड वायाडक्ट उपयोगी साबित होगी। इस ग्रेड सेपरेटर में वायाडक्ट (पुल) की कुल लंबाई 18 किलोमीटर है। अप ग्रेड सेपरेटर में कुल 260 स्पैन और डाउन ग्रेड सेपरेटर में 411 स्पैन निर्माणाधीन हैं। मौजूदा ट्रैक पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ दिन-रात कार्य करते हुए ग्रेड सेपरेटर के निर्माण का काम जोरों पर है। अप ग्रेड सेपरेटर का काम सितंबर 2024 तक और डाउन ग्रेड सेपरेटर का काम मार्च 2025 में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। कटनी ग्रेड सेपरेटर की परियोजना के पूर्ण होने पर रेलवे के बीना-कटनी रेलखण्ड में गुड्स ट्रेन के परिचालन में वृद्धि होगी।

कटनी से बिलासपुर और सिंगरौली के लिए अतिरिक्त रेल लाइन का सीधे संपर्क जुड़ जायेगा और कटनी, नई कटनी, कटनी मुड़वारा जैसे अतिव्यस्त क्षेत्र से रेलखण्ड का बाईपास होगा। माल यातायात में वृद्धि होने से फ्रेट ट्रेनों के समय मे बचत होगी साथ ही आवागमन में आसानी होगी जिससे पश्चिम-मध्य रेल के रेल राजस्व में भी वृद्धि होगी।

# मस्जिद में मौलवी की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर । अजमेर की एक मस्जिद में शनिवार को एक मौलवी की हत्या कर दी गई। इसके बाद राजस्थान पुलिस ने शहर में अतिरिक्त बल तैनात किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया, घटना की सूचना शनिवार सुबह करीब तीन बजे मिली। तीन नकाबपोश बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय मस्जिद में छह नाबालिग भी थे, जिन्हें धमकाया गया और चिल्लाने से मना किया गया। नाबालिगों ने बताया कि बदमाशों ने उन्हें चिल्लाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी।

रामगंज थाना प्रभारी रविंद्र खींची ने बताया, ''थाना क्षेत्र के कंचन नगर स्थित मोहम्मदी मदीना मस्जिद में मौलवी मोहम्मद माहिर (30) रहते थे।

जहां उनके साथ कुछ बच्चे भी रहते थे। सुबह करीब तीन बजे बच्चे चिल्लाते हुए बाहर निकले तो पड़ोसियों को हत्या की जानकारी हुई। इसके तुरंत बाद पुलिस को सूचित किया गया।

तीन बदमाश मस्जिद के पीछे वाली सड़क से कमरे में घुसे और मौलवी की हत्या कर दी। वे उसी रास्ते से फरार हो गए। अभी तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

मस्जिद के पीछे एक घेरा है, जहां से दो रॉड बरामद हुई हैं। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। डॉग स्क्वायड टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। समुदाय के लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मौलवी का शव अजमेर के जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# विपक्ष की सरकारों में ‘आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी’ : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हाथरस/फिरोजाबाद (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस, सपा और बसपा पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि जब ये दल सत्ता में थे तो ‘‘गरीब भुखमरी के शिकार थे’’ और ‘‘आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी’’। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को सिकंदराराऊ में हाथरस सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अनूप प्रधान और फिरोजाबाद क्षेत्र के प्रत्याशी ठाकुर विश्वदीप सिंह के लिए अलग-अलग चुनावी रैलियों को संबोधित किया।

योगी ने हाथरस में कहा, समाजवादी पार्टी (सपा), कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एजेंडे में गरीब, किसान, महिलाएं और युवा कभी नहीं थे। उन्होंने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति की, जाति और समाज को बांटने का पाप किया। उन्होंने कहा, उनके (विपक्षी सरकारों के) समय में गरीब भुखमरी के शिकार थे और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। किसान आत्महत्या करते थे और भ्रष्टाचारी लोग ऐश करते थे।

योगी ने कहा कि लेकिन आज देश और राज्य में ‘‘बिना किसी भेदभाव के’’ काम हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि जितना काम कांग्रेस, सपा और बसपा ने नहीं किया, उससे कहीं अधिक काम भाजपा शासन में हुआ है।

फिरोजाबाद की रैली में भी मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ये लोग राम और कृष्ण की धरती पर ‘गोकशी’ की छूट देना चाहते हैं।

# संदेशखालि में हथियार बरामदगी का कोई सबूत नहीं : ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कुल्टी (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने राज्य पुलिस को सूचित किए बिना संदेशखालि में छापेमारी की और हथियार बरामदगी का ‘‘कोई सबूत नहीं’’ है। उन्होंने छापेमारी के संबंध में संदेह व्यक्त करते हुए कहा कि बरामद वस्तुएं ‘‘केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा लाई गई होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर बंगाल में पटाखा भी फूटता है, तो एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण), सीबीआई, एनएसजी (राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड) जांच करने आ जाती हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई युद्ध चल रहा हो। राज्य पुलिस को सूचित नहीं किया गया। उन्होंने कहा, क्या मिला ये पता नहीं। कोई सबूत नहीं है। बरामद की गई चीजें संभवत: उनके (सीबीआई) द्वारा एक कार में लाई गई होंगी। बनर्जी आसनसोल लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने शुक्रवार को संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस नेता रहे शाहजहां शेख के एक सहयोगी के दो परिसरों पर छापेमारी के दौरान एक पुलिस रिवॉल्वर और विदेश निर्मित आग्नेयास्त्रों सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया था। शेख के समर्थकों द्वारा 29 फरवरी को ईडी की टीम पर हमला किए जाने की घटना के सिलसिले में यह छापेमारी की गई।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई, बम निरोधक दस्ते, एनएसजी, केंद्रीय अर्द्धसैन्य बलों और पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम ने उत्तर 24 परगना जिले में सुंदरबन के किनारे एक गांव में छापेमारी की।

# थाईलैंड से लाए गए कुख्यात अपराधी रवि काना को न्यायिक हिरासत में भेजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नोएडा (उप्र)/भाषा।** थाईलैंड में पकड़े गए कुख्यात अपराधी रवि काना और उसकी सहयोगी काजल झा को भारत वापस भेजे जाने के बाद नोएडा पुलिस ने शनिवार को यहां की एक अदालत में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार थाईलैंड से प्रत्यर्पण कर लाए गए रवि काना और काजल को शुक्रवार दोपहर को नोएडा पुलिस ने दिल्ली हवाई अड्डे पर अपनी हिरासत में ले लिया था। रवि के खिलाफ सामूहिक बलात्कार और गैंगस्टर अधिनियम समेत अन्य मामले दर्ज हैं। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने रवि और काजल की गिरफ्तारी पर 50- 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था।

पुलिस उपायुक्त (ग्रेटर नोएडा) साद मियां खान ने बताया कि रवि काना और काजल झा को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

उन्होंने बताया कि नोएडा पुलिस सीबीआई, इंटरपोल और अन्य एजेंसियों के माध्यम से रवि काना की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत थी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि रवि और काजल की बैंकॉक में गिरफ्तारी हुई थी। बैंकॉक के न्यायालय में पेश किए जाने के बाद उन्हें भारत भेजने का आदेश जारी किया गया था।

# ग्रेटर नोएडा में बस पलटने से 10 छात्र-छात्राएं घायल

**नोएडा/भाषा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में ग्रेटर नोएडा के बीटा-टू थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बस पलटने से तीन छात्राएं और सात छात्र घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले 59 छात्र-छात्राएं एक निजी बस से नॉलेज पार्क स्थित एक पीजी में जा रहे थे। उन्होंने बताया कि मित्रा गोल चक्कर के निकट पहुंचने पर चालक का बस पर नियंत्रण नहीं रहा और बस पलट गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में तीन छात्राएं और सात छात्र घायल हो गए जिन्हें अपोलो अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद कई छात्र-छात्राओं को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भाजपा जनता के अधिकार छीन रही है, संविधान बदलने की कोशिश कर रही है : अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कन्नौज (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हर वर्ग के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा जनता के अधिकार छीन रही है एवं संविधान बदलने की कोशिश कर रही है, ऐसे में यह लोकसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान, लोकतंत्र, किसानों और नौजवानों के अधिकार को बचाने का चुनाव है क्योंकि भाजपा बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के बनाए संविधान को खत्म करना चाहती है। उनका कहना था कि इस सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है।

यादव ने शनिवार को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र जनपद कानपुर देहात और बेला जनपद औरैया तथा उमर्दा जनपद कन्नौज में अपनों संग मेल-मुलाकात के कार्यक्रम में कई जनसमूहों के साथ संवाद किया।

सपा प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया था। कन्नौज में चौथे चरण में 13 मई को मतदान है।

पार्टी द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक यादव ने सामाजिक न्याय रथ से रोड-शो किया। जगह-जगह उपस्थित जनता को उन्होंने सम्बोधित किया। रोड-शो में भारी जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान लोगों ने अखिलेश यादव का अभिवादन किया।

यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री जो गारन्टी दे रहे हैं वह गारन्टी नहीं घंटी है क्योंकि उनकी सभी गारन्टी जुमला निकली है। उन्होंने कहा, भाजपा ने नौजवानों का भविष्य खतरे में डाल दिया है। भाजपा सरकार ने फौज की पक्की नौकरी को चार साल की कर दी, आगे पुलिस की नौकरी भी तीन साल की हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं है। जो संविधान बदलने निकले हैं, उन्हें बदलने का मौका है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सत्ता से जाना तय है क्योंकि जनता संविधान बचाने के लिए वोट दे रही है एवं यह लोकतंत्र बचाने का भी चुनाव है।

# ओडिशा में बीजद के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का फायदा भाजपा को होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा के पूर्व सदस्य विजयपाल सिंह तोमर ने दावा किया कि ओडिशा में 24 वर्ष से सत्ता पर काबिज बीजू जनता दल (बीजद) सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का फायदा उनकी पार्टी को होगा और राज्य में ‘‘मजबूत मोदी लहर’’ मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को सत्ता से हटा देगी।

तोमर ने ‘पीटीआई-भाषा’ के साथ एक साक्षात्कार में कहा, यहां सत्ता विरोधी लहर है और ओडिशा के लोगों ने इस बार बीजद सरकार को बदलने का फैसला किया है। इसी तरह, पूरे भारत में एक मजबूत मोदी लहर है जिसका असर राज्य में भी महसूस किया गया है।

तोमर ने दावा किया कि भाजपा राज्य की 21 लोकसभा सीट में से कम से कम 16 और विधानसभा की 147 सीट में से 80 पर जीत हासिल करेगी।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करीबी सहयोगी बीजद नेता वी के पांडियन और उनकी तमिल पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए तोमर ने कहा, एक व्यक्ति ‘सुपर सीएम’ बन गया और असली प्रमुख के रूप में सरकार चला रहा है। क्या इसका कोई औचित्य है? इसलिए इस बार भाजपा न केवल ओडिशा को एक विकसित राज्य बनाने के लिए लड़ रही है, बल्कि ओडिशा के गौरव के लिए भी लड़ रही है। उन्होंने कहा कि एक बार जब भाजपा यहां डबल इंजन की सरकार बना लेगी तो सभी केंद्रीय योजनाएं और ‘मोदी की गारंटी’ यहां भी लागू की जाएंगी।

निवर्तमान विधायकों, सांसदों और पूर्व विधायकों एवं पूर्व सांसदों समेत बड़ी संख्या में बीजद के वरिष्ठ नेता भाजपा में शामिल हुए हैं। नेता ने कहा कि इसके अलावा, पार्टी ने मतदान केंद्रों से लेकर मंडल और जिला स्तर तक अपने संगठन को मजबूत किया है।

भाजपा के दो नेताओं भृगु बक्शीपात्रा और लेखश्री सामंत सिंघार के बीजद में शामिल होने पर तोमर ने कहा, हमने उन्हें विधायक का टिकट देने से इनकार कर दिया लेकिन बीजद ने उन्हें लोकसभा टिकट दिया है। इससे पता चलता है कि बीजद अब कहां खड़ी है।

# देवरिया में आग लगने से कई घर जले, किशोर की मौत

**देवरिया (उप्र)/भाषा।** देवरिया जिले में सुरौली थानाक्षेत्र के एक गांव में आग लग जाने से कई घर जल गए और एक किशोर की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आदित्य ने बताया कि सुरौली थाना क्षेत्र के सिसवा पांडेय गांव में शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग जाने से कई घर जलकर नष्ट हो गए। उनके अनुसार घरों में रखे सिलेंडर भी फट गए। सीओ ने बताया कि आग से लक्ष्मण प्रसाद (14) तथा एक गाय एवं पांच छः बकरियों की जलकर मौके पर मौत हो गई। उनके अनुसार लक्ष्मण का छोटा भाई भरत प्रसाद (आठ) का पैर झुलस गया, जिसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया में भर्ती कराया गया है एवं उसकी हालत स्थिर बताई गई है। पुलिस अधिकारी ने ग्रामीणों के हवाले से बताया कि जब आग लगी तो लक्ष्मण और भरत दोनों भाई झोपड़ी में सो रहे थे। लक्ष्मण ने छोटे भाई को किसी प्रकार से झोपड़ी से बाहर कर दिया, लेकिन खुद फंस गया और आग से घिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आदित्य ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# भारतीय क्रिकेट को हार्दिक पंड्या को इतनी तवज्जो नहीं देनी चाहिए : इरफान पठान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा कि भारतीय क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में हार्दिक पंड्या को इतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए क्योंकि वह आईसीसी टूर्नामेंट में प्रभावित करने में विफल रहे हैं। मुंबई इंडियंस का यह आलराउंडर इस आईपीएल सत्र में खराब फॉर्म से जूझ रहा है जिससे उनके भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल होने पर सवाल उठ रहे हैं। टीम की घोषणा जल्द ही की जानी है।

पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर ‘प्रेस रूम शो, टिकट टू वर्ल्ड कप’ में कहा, हार्दिक पंड्या के बारे में कहूं तो भारतीय क्रिकेट को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि उन्हें उतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए जितनी उन्होंने अब तक दी है। क्योंकि हमने अभी तक (उनकी मौजूदगी में) विश्व कप नहीं जीता है। उन्होंने कहा, अगर आपको लगता है कि आप एक मुख्य आलराउंडर हैं तो आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह का प्रदर्शन करना होगा। जहां तक आलराउंडर का सवाल है तो उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस तरह से प्रभावित नहीं किया है। हम सिर्फ उसकी क्षमता के बारे में सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदर्शन में काफी बड़ा अंतर है तथा उन्होंने पंड्या को टूर्नामेंट चुनने के बजाय पूरे साल खेलने की सलाह दी।

पठान ने कहा, हम आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के बीच भ्रमित हो रहे हैं। दोनों में काफी अंतर है। सबसे पहले तो उसे पूरे साल खेलना होगा। वह चुनकर टूर्नामेंट नहीं खेल सकता। उन्होंने कहा, भारतीय क्रिकेट को ऐसा करना बंद करना होगा। किसी एक खिलाड़ी को तवज्जो देना बंद करें क्योंकि अगर आप ऐसा करोगे तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत सकते।

पठान ने कहा, ऑस्ट्रेलिया इतने वर्षों से ‘टीम गेम’ को प्राथमिकता दे रहा है। हर किसी को सुपरस्टार बना रहा हैं, उनकी टीम कोई एक सुपरस्टार नहीं, टीम में हर कोई सुपरस्टार है। यदि आप ऐसा नहीं करोगे तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत पाओगे।

# हमारी सरकारों में मिला एससी, एसटी, ओबीसी के लिए आरक्षण, भाजपा आरक्षण के खिलाफ: कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरक्षण के संदर्भ में उसके खिलाफ झूठ फैलाने का शनिवार को आरोप लगाया और कहा कि उसकी ही सरकारों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण सुनिश्चित हुआ।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण के खिलाफ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हाल में कई चुनावी जनसभा में आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस एससी, एसटी एवं ओबीसी के आरक्षण को मुस्लिम समुदाय को देना चाहती है।

रमेश ने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री बार-बार यह झूठ फैला रहे हैं कि कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को छीनना चाहती है।



रमेश ने कहा, असली बात यह है कि संविधान में एससी, एसटी के आरक्षण के प्रावधान बाबासाहेब आंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल और उस वक्त के कई अन्य कांग्रेसी नेताओं के कारण ही हो सके। इसमें कांग्रेस पार्टी का योगदान था।

उनके मुताबिक, 1994 में जब नरसिम्हा राव भारत के प्रधानमंत्री थे तब सरकारी नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण ओबीसी के लिए लागू किया गया और 2006 में जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे उस वक्त उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मिला। कांग्रेस नेता ने कहा, असली बात यह है की 1950 से एससी, एसटी और ओबीसी को नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण प्रधानमंत्री कांग्रेस पार्टी से होने पर या कांग्रेस की सरकारों के समय ही मिला।

रमेश ने कहा कि जब महिला आरक्षण विधेयक संसद से पारित किया जा रहा था उस समय कांग्रेस ने मांग की थी कि इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए अलग प्रावधान होना चाहिए लेकिन सरकार ने मना कर दिया और प्रधानमंत्री इस पर कुछ नहीं बोले। उन्होंने कहा कि एक ऐसा नया कानून बन गया जिसमें ओबीसी महिलाओं के लिए अलग प्रावधान नहीं है।

# ‘जय श्री राम’ लिखकर फार्मेसी की परीक्षा में चार छात्र उत्तीर्ण, दो शिक्षक दोषी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जौनपुर (उप्र)/भाषा।** जनपद के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी प्रथम वर्ष के चार छात्र अपनी परीक्षा की कॉपियों में केवल जय श्री राम और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों के नाम लिखकर भी 56 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण हो जाने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत विश्वविद्यालय के एक पूर्व छात्र द्वारा मांगी गई जानकारी के बाद इस मामले का पर्दाफाश हुआ। बुधवार को विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक में इसके लिए दो शिक्षकों डॉ. आशुतोष गुप्ता और डॉ. विनय वर्मा को दोषी ठहराया गया।

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र दिव्यांशु सिंह ने शनिवार को बताया कि जब उन्हें पता चला कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित डी.फार्मा पाठ्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के कुछ छात्रों को सही उत्तर न देने पर भी परीक्षा में उत्तीर्ण कर दिया गया है तो उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत विश्वविद्यालय से जानकारी मांगी।

दिव्यांशु सिंह ने कहा कि तीन अगस्त, 2023 को उन्होंने कुछ रोल नंबर देकर उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की मांग की थी। जांच के दौरान, यह पाया गया कि चार अलग-अलग बार-कोड वाली कॉपियों में छात्रों ने केवल ‘जय श्री राम’ और विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या आदि जैसे खिलाड़ियों के नाम लिखे थे और उन्हें 75 में से 42 अंकों के साथ उत्तीर्ण किया गया जो 56 फीसदी प्राप्तांक हैं।

पूर्व छात्र ने इन तथ्यों के सामने आने पर राजभवन (राज्यपाल कार्यालय) को पत्र लिखकर एक प्रोफेसर पर पैसे लेकर छात्रों को पास करने का आरोप लगाया। उन्होंने सभी शिकायतें हलफनामे के साथ राजभवन को भी भेजी और राजभवन ने इसका संज्ञान लेते हुए 21 दिसंबर, 2023 को जांच और कार्रवाई का आदेश दिया था।

इस पर विश्वविद्यालय ने जांच कमेटी गठित की और दो बाहरी परीक्षकों से कराए गए पुनर्मूल्यांकन में इन छात्रों को शून्य अंक मिले। उन्होंने कहा कि परीक्षा नियंत्रक ने एक जांच समिति बनाकर मामले की जांच की, जिसने कुलपति को दी गई अपनी रिपोर्ट में दोनों शिक्षकों को दोषी ठहराया।

विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. वंदना सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए बुधवार को परीक्षा समिति की बैठक बुलाई गई और इसमें फार्मेसी विभाग के दो शिक्षकों को गलत मूल्यांकन का दोषी माना गया है।

कुलपति ने कहा दोनों शिक्षकों को कार्यमुक्त करने का निर्णय लिया गया है और अंतिम निर्णय के लिए इसे कार्यपरिषद के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।



# तीरंदाजी कप : ज्योति की स्वर्ण पदकों की हैट्रिक, भारत ने कंपाउंड टीम स्पर्धाओं में पांच पदक जीते

**शंघाई/भाषा।** एशियाई खेलों की चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन के बूते शनिवार को यहां शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक बनाकर भारतीय दबदबे की अगुआई की जिसमें कंपाउंड तीरंदाजों ने पांच पदक जीते। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने सत्र के शुरुआती वैश्विक टूर्नामेंट में मेक्सिकों की शीर्ष वरीय आंद्रिया बेसेरा को शूट-ऑफ में 146=146 (9*-9) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की जिससे वह तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी के बाद एक विश्व कप में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बनीं।

पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका ने जून 2021 में पेरिस विश्व कप के तीसरे चरण में यह कारनामा किया था। ज्योति ने इस तरह पिछले साल हांगझोऊ एशियाड की उपलब्धि की बराबरी की जिसमें विजयवाड़ा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाई थी। युवा प्रियांश ने पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में रजत के रूप में अपना पहला विश्व कप पदक जीता।

## सुविचार

हम कभी भी यह फैसला नहीं ले सकते कि कब हमें जन्म लेना है और कब हमें मरना है, पर हम यह जरूर फैसला ले सकते हैं, कि हमें जिंदगी को किस तरह से जीना है।

## ट्वीट

प्रदेश में आज लोकसभा चुनाव 2024 के प्रारंभिक दो चरणों में राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हुआ। इन चुनाव में आप लोगों के विजय प्रयास और अमूल्य योगदान के लिए हृदय से धन्यवाद करता हूं।

सीपी जोशी



श्री मंगलेश्वर महादेव मंदिर, वैष्णव विहार, नांगल जैसा बोहरा में श्री श्री महंत 1008 थानापति श्री हीरापुरी महाराज एवं श्री श्री 108 नरसिंह पुरी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्रीराम एकादश कुंडीय महायज्ञ में सम्मिलित होकर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त कर सर्वमंगल की कामना की।

-दीया कुमारी



## कहानी

दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'
मोबाइल-7379100261

# ओवरकोट



इन दिनों बिरजू की रात पाली चल रही थी। आज शाम को वह जगा तो ठंड महसूस हुई। शरीर में टूटन भी थी। सवेरे गोदाम से आते समय ही हरारत का अहसास हुआ था। आखिर परसों रात की भाग-दौड़ का नतीजा आ ही गया। ओवरकोट हाथ से न निकला होता तो यह नौबत क्योंकर आती ?...फिर अपनी झुग्गी तक आते-आते उसने पक्का फैसला कर लिया था-आज शाम को थोड़ा पहल निकल कर मुन्ना के मामा के यहाँ से अपना ओवरकोट ले लूँगा। अब लेने में कोई हर्ज नहीं है...। बिरजू ने बिस्तर पर पड़े-पड़े करवटें बदलीं, कई बार भींच-भींच कर बदन अकड़ाया और ढीला किया। इस तरह कुछ सुकून पाकर वह धूस की मोटी चादर से सिर निकालकर बाहर का जायजा लेने लगा, पत्नी सत्ती सामने टपरे के नीचे रोटी सेंक रही थी। दस-पंद्रह सेकंड के अन्दर उसने दुबली-पतली सत्ती के ऊपर से निगाह हटा लिया। बाहर धूप टपरे के आगे वाली खाली जगह से उठकर हरखू की कच्ची छत पर चढ़ चुकी थी। उसके अनुमान के हिसाब से साढ़े चार बज चुके होंगे। उसने निगाह वापस झुग्गी के अन्दर कर लिया। कोठारी के हल्के अंधेरे में आले पर रखा आईना दिख गया। उसने हाथ बढ़ाकर आईना उठा लिया और दरवाजे की तरफ चेहरा घुमाकर देखने लगा। उसका मुंह तमक रहा था और आँखों की रंगत कुछ सुर्ख सी थी। वह सोचने लगा, सत्ती अभी रोटी निपटाकर जगाने आएगी तब... अगले पल उसने पैंट पहनी और और बुशर्ट में बहन डालता हुआ बाहर आ गया।

बोला-'सत्ती, मेरा टिफिन लगा दे। आज मालिक ने जल्दी आने को बोला है।' वह आगे बढ़ गया। तीन झुग्गियों के आगे करन की झुग्गी थी। उसके के सामने वाले सार्वजिक नल की टोंटी टूटी थी, लिहाजा नल झका-झक पानी फेंक रहा था। पानी देख, उसके सारे शरीर में सिहरन दौड़ गई। किसी तरह हाथ तर करके चेहरे पर फिर लिया और रुमाल से मुह पोंछता भगत की चाय की दुकान में जा बैठा। कुछ देर बाद भगत ने टूटे पकड़ने वाले प्याले में चाय उसके सामने रख दिया। वह चुस्कियाँ लेने लगा। हलक के नीचे उतरती गर्म-गर्म से उसे बड़ी राहत मिल रही थी। चाय निपटा के बिरजू झुग्गी के सामने आ गया। सत्ती किसी काम से अन्दर थी। टिफिन का झोला और पुरानी घिसी शाल खूंटी पर टंगी थी। उसने आगे बढ़ के शाल गले में लपेटा और झोला साइकिल की हैंडिल पर रखता हुआ बोल-'मैं चला, पहले ही अबेर...' सत्ती बाहर आती, इसके पहले ही वह हरखू की झुग्गी की बगल वाली गली में मुड़ चुका था। मालिक उसे क्यों जल्दी बुलाता ? यह तो घर से बाहर होने का बहाना था, ताकि सत्ती को असलियत का पता न चल सके। अभी अगर वह सामने पड़ जाती तो उसकी शक्ल देखते ही माथा टटोलती-'हाय दइया, तुमको तो बुखार है।

जरूर रात में दोस्तों के साथ मटरगश्ती किए होंगे और सर्दी खा गए...।' सत्ती समझती है, उसकी नौकरी मौज-मस्ती वाली है। उसके टपरे की खुली जगह में दोपहर में आसपास की औरते गपबाजी के लिए इकट्ठा होती हैं। तब रात पाली से लौटकर झुग्गी में लेटे-लेटे उसने कई बार सत्ती को कहते सुना है-'बहिन, मेरे मरद की नौकरी बहुत चंगी है। यहाँ से गोदाम पहुंचा और दिन पाली हुई तो स्टूल पर झपकियाँ लेते बैठा रहा और रात पाली में तान के सो गया।' वास्तव में वह एक निजी संस्थान की गोदाम का चौकीदार है, जहां तीसरे-चौथे दिन फैक्ट्री के लिए कच्चा माल उतारने, या फिर आर्डर का माल ले जाने के लिए ट्रकें आया करती हैं। इन मौकों पर उसकी अच्छी-खासी मशक्कत हो जाती है।

नगों की गिनती और पल्लेदारों के साथ दौड़ धूप तो करनी ही पड़ती है, कभी-कभी मालिक के इशारे पर ड्राइवरों-खलासियों और पल्लेदारों के खाने-पीने से लेकर दारू-धक्कड़ के लिए भी रात-विरात दौड़ लगानी पड़ जाती है। ऐसे मामलों में चार पैसे अपने लिए भी बचते हैं, इसलिए खुशी-खुशी यह सब होता आ रहा है... बिरजू ने सत्ती को यह बातें कभी नहीं बताई थी। असल में वह है दमा की मरीज, तिस पर शादी के आठ साल बाद भी गोद न भरने का अंदरूनी दुख भोगने वाली दुखियारी ! ऐसे में अगर उसने एक झूठी खुशी पाल रखी थी तो उससे भी वंचित करना-कैसी कसाईपन की बात होती। यही सोचकर उसने पत्नी का भ्रम बना रहने दिया था...इतने दिनों की ढँकी-मुँदी बात आज उघाड़ना ठीक न था। फिर सत्ती शुरू करती सवालों का सिलसिला....और परसों रात वाली बात सामने आ जाती।

परसों भी एक ट्रक आई थी। मालिक के आदेश पर उसे खाना पैक करने के लिए रात में दस बजे पाँच किलोमीटर दूर रेलवे स्टेशन तक जाना पड़ा था। वैसे अभी सर्दी की शुरुआत ही है, चढ़ती उम्र में गाँव का अच्छा-खासा अखाड़िया भी रह चुका है। मगर रात में साइकिल से दौड़-धूप, वह भी सिर्फ बुशर्ट और पैंट पहन कर। सर्दी लगना कौन सी बड़ी बात है ? सत्ती को पता चलता, तो चट अगला सवाल दाग देती-'जब तुम्हें यह सब करना पड़ता है तो ओवरकोट लेकर क्यों नहीं जाते ? इसी दिन के लिए ही खरीदा गया था।' इसी बात से बचने के लिए वह जल्दी घर से निकल पड़ा था। ओवरकोट तो वह एक हफ्ता पहले ही पहनकर गया था। उसी रात माल लादने ट्रकें आ गई थीं। वह नागों की गिनती कर रहा था, तभी मुन्ना आकार बोला-'भइया बिरजू, मालिक मेरे को दारू लाने भेज रहा है। मुझे बुखार है, अपना कोट दे देते तो सर्दी का कुछ आँड़ हो जाता।' मुन्ना दो दिन से सर्दी-जुकाम से परेशान था। कपड़े के नाम पर खाकी पैंट और बुशर्ट पहन रखा था। बिरजू ने कोट मुन्ना को थमा दिया। उस रोज वापसी तक मुन्ना की हालत काफी बिगड़ गई थी। जूड़ी में पड़ा थरथरा रहा था। बिरजू ने अपना वाला कंबल भी उसके ऊपर डाल दिया, तब कहीं जाकर उसे राहत मिल पायी थी। राम- राम करके सवेरा हुआ। मुन्ना को ई-रिक्शा पर लाद-फांदकर उसके मामा के पास पहुंचाया गया। उस समय ओवरकोट लेना ठीक न लगा।

आगे चार दिन इस बाबत उसे सोचने का मौका भी नहीं मिल सका था, क्योंकि दिन वाला चौकीदार गाँव चला गया था। कुछ अतिरिक्त पैसों की लालच में वह उसका काम भी देखने लगा था। पांचवें रोज दिन वाला चौकीदार आया तो बिरजू को मौका मिला, किन्तु तभी खबर आ गई-'मुन्ना मर गया...' अब इस हालत में कोट के लिए जाना ठीक न था। लोग कहते-लाख रुपये की जान चली गई, इसे ओवरकोट की पड़ी है। उनको इसकी अहमियत का क्या पता ? दो साल पहले जब सर्दियाँ शुरू हुई थीं, तब उसके पास कोई गरम कपड़ा नहीं था। खरीद पाने की गुंजाइश भी नहीं थी। मालिक उसे जो देता था, उसमें से हर महीना कुछ पैसा माँ-बाप के पास गाँव भी भेजना होता था। बाकी से बमुश्किल सत्ती की दवा, झुग्गी का किराया और दो वक्त की रोटियों का जुगाड़ ही बन पाता था। इस बदहाली में उसकी चोरी-छिपे सत्ती ने कोठियों में झाड़-पोंछा जैसे काम करके जो कमाई की थी, उस पैसे से यह कोट खरीदा गया था। पत्नी को खुश करने के लिए वह अक्सर कहा करता था-'सत्ती, यह जो तेरा कोट है न, एकदम तेरी गोद की माफिक गर्म और मजेदार है।'

सत्ती को कोट के असली मामले का पता चल जाय तो वह बिफर ही उठेगी-'हूँ तो यह बात है, तू मुझे भी किसी दिन ऐरे-गैरे पर तरस खाकर उसकी गोद में डाल देगा।' इसके बाद वह रूठकर बैठ जाएगी। न खाएगी, न पिएगी। दो-तीन दिन यह सिलसिला चला नहीं कि खटिया पकड़ लेगी। जिद्दी है, जब भी रूठती है यही होता आया है। जरा सी कमजोरी बढ़ते ही दमा जोर पकड़ लेता है। नए सिरे से इलाज में खर्चा बढ़ जाता है तो गाँव जाने वाला पैसा बंद...तब गोदाम वाले नम्बर पर आता है पढ़ाई कर रहे छोटे भाई का विद्रोह भरा फोन...माँ का उलाहना...बाप की चेतावनी-'बच्चू, संभल जाओ। वरना तुमको जायदाद से बेदखल करके आरजू को सब कुछ दे दूंगा। मनमानी न छोड़ी तो गाँव की जमीन और मकान से हाथ धो बैठोगे...' और फिर इस सब के बीच वह बुरी तरह पिसने लगता है...। खैर, इस बार ऐसा कुछ नहीं होने पाएगा। मुन्ना की मृत्यु के बाद उसने सोच रखा था, तीन-चार दिन बाद जैसे ही हादसा पुराना पड़ने लगेगा, जाकर मुन्ना के मामा से ओवरकोट मांग लाऊँगा। सत्ती पाँच दिन नहीं जान सकी तो आगे छिपाए रखना क्या मुश्किल है ? एक-एक करके तीन दिन बीत गए। इस बीच बिरजू दसियों मर्तबा सोचता रहा, उस रात मुन्ना को कोट दे भी दिया था तो लौटते ही ले लेना था। कह देता-'मुन्ना तू आराम कर। मुझे दौड़-धूप कर माल लदवाना है, इसलिए ला कोट पहन लूँ।' तब न सही, जब मुन्ना को उसके मामा के हवाले कर रहा था तो अच्छा बहाना था। बता देता-'मालिक ने कहा है, रात में फिर लदाई होगी। जब तक तू ठीक नहीं हो जाता, मुझे अकेले ही सब देखना पड़ेगा। ला कोट दे दे, नहीं तो सर्दी खा जाऊंगा...' मगर अकल मारी गई थी। संकोच में पड़ा रह गया। जबकि ई-रिक्शा पर सवार बीमार मुन्ना से मालिक ने कितने तपाक से कहा था-'मुन्ना तू कंबल भी ओढ़े जा रहा है, आखिर तेरे बदले रात में जो चौकीदार आएगा वह क्या ओढ़ेगा ? भाई, कंबल न ले जा।'

ऐसे ही विचारों में डूबा, साइकिल में जोर-जोर पैडिल मारता हुआ वह शहर के दूसरे छोर वाली झुग्गियों की बस्ती के पास आ गया। सड़क छोड़कर झुग्गी वाली पगडंडी पर अंधेरा था, साथ ही सन्नाटा भी ! क्योंकि सवेरे काम पर निकले लोग अभी इक्का-दुक्का ही लौटना शुरू हुए थे। एक मिनट के लिए रुककर उसने शाल कानों में लपेट लिया और फिर आगे बढ़ चला। थोड़ी देर बाद वह मुन्ना के मामा की किराना की दुकान के सामने आ खड़ा हुआ। दुकान की कोठरी में हल्के पवार के बल्ब की पीली सी रोशनी पसरी थी। मुन्ना का मामा आराम से बैठा था। उसने आगे बढ़कर अभिवादन किया-'मामा, जय रामजी की !' 'कौन बेटा बिरजू ! जय रामजी की...आओ बैठो।'-मुन्ना का मामा कुछ अचकचा कर बोल।

बिरजू दरवाजे के एक किनारे बैठ गया। मुन्ना के मामा ने एक बीड़ी सुलग के उसकी तरफ बढ़ा दिया। उसने बीड़ी का एक फूँक लिया और बात शुरू कर दी। मुख्य विषय पर किस तरह आना है, इसे वह पहले ही सोच चुका था। अभी वह मुन्ना के अच्छे स्वभाव और सद्गुणों की चर्चा समाप्त कर, बीड़ी का दोबारा फूँक लगाने के लिए रुका ही था कि बातचीत का सूत्र अपने हाथ में लेते हुए मामा ने कहा-'हाँ बेटा, वाकई भला लड़का था। हिसाब-किताब के मामले में तो ऐसा साफ कि आज के जमाने में कम ही मिलेंगे। पिछले महीने मुझसे पैसा लेकर घर भेजा था। मरते समय कहने लगा, मामा रुपये नहीं अदा कर पा रहा हूँ। मगर मुझे उद्धार बोल दो। बदले में मेरा ओवरकोट ले लो...'

आखिरी बात सुन वह चौंक उठा। उसने अपनी नजर मुन्ना के मामा पर टिका दी। खेस के नीचे बढ़े ओवरकोट को देख, वह सन्न रह गया। मामा उसी का भूरा कोट पहने बैठा था और लगातार बोलता जा रहा था। बिरजू क्या सुनता, उसका ध्यान तो भटक कर दूर चला गया था। उसे सुनाई पड़ रहा था तो पत्नी का चीखना... माँ का उलाहना...फोन पर अरजू की आक्रोश भरी आवाज...बाप की चेतावनी...और दिख रहा था तो पत्नी का रूठना...अपनी मजबूरियाँ...और इस सब के बीच पिसता वह ...।

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# जाग्रत देवता

सनातन संस्कृति में किसी भी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही मूर्ति जाग्रत मानी जाती है। इसी अनुक्रम में मुद्रित शब्दों को विशेष महत्व देते हुए सनातन दर्शन ने पुस्तकों को जाग्रत देवता की उपमा दी है। पुस्तक पढ़ी ना जाए, केवल सजी रहे तो निर्रथक हो जाती है। पुस्तकों में बंद विद्या और दूसरों के हाथ गए धन को समान रूप से निरुपयोगी माना गया है। पुस्तक जाग्रत तभी होगी, जब उसे पढ़ा जाएगा। पुस्तक के संरक्षण को लेकर हमारी संस्कृति का उद्घोष है-

तैलाद्रक्षेत जलाद्रक्षेत रक्षेत शिथिलबंधनात।
मूर्खहस्ते न दातव्यमेवं वदति पुस्तकम।।

पुस्तक की गुहार है, 'तेल से मेरी रक्षा करो, जल से मेरी रक्षा करो, मेरे बंधन (बाइंडिंग) शिथिल मत होने दो। मुझे मूर्ख के हाथ मत पड़ने दो।' संदेश स्पष्ट है, पुस्तक संरक्षण के योग्य है। पुस्तक को बाँचना, गुनना, चिंतन करना, चैतन्य उत्पन्न करता है। यही कारण है कि हमारे पूर्वज पुस्तकों को लेकर सदा जागरूक रहे। नालंदा विश्वविद्यालय का पुस्तकालय इसका अनुपम उदाहरण रहा। पुस्तकों को जाग्रत देवता में बदलने के लिए पूर्वजों ने ग्रंथों के पारायण की परंपरा आरंभ की। कालांतर में पराधीनता के चलते समुदाय में हीनभावना घर करती गई। यही कारण है कि पठनीयता के संकट पर चर्चा करते हुए आधुनिक समाज धार्मिक पुस्तकों का पारायण करने वाले पाठक को गौण कर देता है। कहा जाता है, जब पग-पग पर होटलें हों किंतु ढूँढ़े से भी पुस्तकालय न मिले तो पेट फैलने लगता है और मस्तिष्क सिकुड़ने लगता है। वस्तुस्थिति यह है कि भारत के घर-घर में धार्मिक पुस्तकों का पारायण करने वाले जनसामान्य ने इस कहावत को धरातल पर उतरने नहीं दिया।

पुस्तकों के महत्व पर भाष्य करते हुए अमेरिकी इतिहासकार बारबरा तुचमैन ने लिखा,'पुस्तकों के बिना इतिहास मौन है, साहित्य गूंगा है, विज्ञान अपंग है, विचार स्थिर है।' बारबारा ने पुस्तक को समय के समुद्र में खड़ा दीपस्तम्भ भी कहा। समय साक्षी है कि पुस्तकरूपी दीपस्तंभ ने जाने कितने सामान्य जनो को महापुरुषों में बदल दिया। सफ़दर हाशमी के शब्दों में,

किताबें कुछ कहना चाहती हैं,
किताबें तुम्हारे पास रहना चाहती हैं।

पुस्तकों के संग्रह में रुचि जगाएँ, पुस्तकों के अध्ययन का स्वभाव बनाएँ। अभिनेत्री एमिला क्लार्क के शब्दों में, 'नेवर ऑरग्यू विथ समवन हूज़ टीवी इज़ बिगर देन देअर बुकशेल्फ।' छोटे-से बुकशेल्फ और बड़े-से स्क्रिन वाले विशेषज्ञों की टीवी पर दैनिक बहस के इस दौर में अपनी एक कविता स्मरण हो आती है,

केवल देह नहीं होता मनुष्य,
केवल शब्द नहीं होती कविता,
असार में निहित होता है सार,
शब्दों के पार होता है एक संसार,
सार को जानने का
साधन मात्र होती है देह,
उस संसार तक पहुँचने का
संसाधन भर होते हैं शब्द,
सार को, सहेजे रखना मित्रो!
अपार तक पहुँचते रहना मित्रो!

मुद्रित शब्दों का ब्रह्मांड होती हैं पुस्तकें। असार से सार और शब्दों के पार का संसार समझने का गवाक्ष होती हैं पुस्तकें। शब्दों से जुड़े रहने एवं पुस्तकें पढ़ते रहने का संकल्प, हाल ही में सम्पन्न हुए विश्व पुस्तक दिवस की प्रयोजनीयता को सार्थक करेगा।

## बोध कथा


# डरपोक पत्थर

बहुत पहले की बात है एक शिल्पकार मूर्ति बनाने के लिए जंगल में पत्थर ढूंढने गया। वहाँ उसको एक बहुत ही अच्छा पत्थर मिल गया। जिसको देखकर वह बहुत खुश हुआ और कहा यह मूर्ति बनाने के लिए बहुत ही सही है। जब वह आ रहा था तो उसको एक और पत्थर मिला उसने उस पत्थर को भी अपने साथ ले लिया। घर जाकर उसने पत्थर को उठा कर अपने औजारों से उस पर कारीगरी करनी शुरू कर दिया। औजारों की चोट जब पत्थर पर हुई तो वह पत्थर बोलने लगा की मुझको छोड़ दो इससे मुझे बहुत दर्द हो रहा है। अगर तुम मुझ पर चोट करोगे तो मै बिखर कर अलग हो जाऊंगा। तुम किसी और पत्थर पर मूर्ति बना लो।

पत्थर की बात सुनकर शिल्पकार को दया आ गयी। उसने पत्थर को छोड़ दिया और दूसरे पत्थर को लेकर मूर्ति बनाने लगा। वह पत्थर कुछ नहीं बोला। कुछ समय में शिल्पकार ने उस पत्थर से बहुत अच्छी भगवान की मूर्ति बना दी। गांव के लोग मूर्ति बनने के बाद उसको लेने आये। उनने सोचा की हमें नारियल फोड़ने के लिए एक और पत्थर की जरुरत होगी। उन्होंने वहाँ रखे पहले पत्थर को भी अपने साथ ले लिया। मूर्ति को ले जाकर उन्होंने मंदिर में सजा दिया और उसके सामने उसी पत्थर को रख दिया।

अब जब भी कोई व्यक्ति मंदिर में दर्शन करने आता तो मूर्ति को फूलों से पूजा करता, दूध से स्नान कराता और उस पत्थर पर नारियल फोड़ता था। जब लोग उस पत्थर पर नारियल फोड़ते तो बहुत परेशान होता। उसको दर्द होता और वह चिल्लाता लेकिन कोई उसकी सुनने वाला नहीं था । उस पत्थर ने मूर्ति बने पत्थर से बात करी और कहा की तुम तो बड़े मजे से हो लोग तो तुम्हारी पूजा करते है। तुमको दूध से स्नान कराते है और लड्डुओं का प्रसाद चढ़ाते है।

लेकिन मेरी तो किस्मत ही ख़राब है मुझ पर लोग नारियल फोड़ कर जाते है। इस पर मूर्ति बने पत्थर ने कहा की जब शिल्पकार तुम पर कारीगरी कर रहा था यदि तुम उस समय उसको नहीं रोकते तो आज मेरी जगह तुम होते। लेकिन तुमने आसान रास्ता चुना इसलिए अभी तुम दुःख उठा रहे हो। उस पत्थर को मूर्ति बने पत्थर की बात समझ आ गयी थी। उसने कहा की अब से मै भी कोई शिकायत नहीं करूँगा। इसके बाद लोग आकर उस पर नारियल फोड़ते। नारियल टूटने से उस पर भी नारियल का पानी गिरता और अब लोग मूर्ति को प्रसाद का भोग लगाकर उस पत्थर पर रखने लगे।



## वीर गाथा

# ले. कर्नल अबजीत सिंह: ख़ुद हुए बलिदान, अपनी व्यूह-रचना से बचा ली कई साथियों की जान

लेफ्टिनेंट कर्नल अबजीत सिंह सेखों का जन्म 28 जनवरी, 1949 को पंजाब के फरीदकोट में हुआ था। वे माता कमलजीत कौर और पिता गुरदयाल सिंह सेखों के वीर पुत्र थे, जिन्हें स्कूली दिनों से ही योद्धाओं की कहानियां सुनना बहुत पसंद था।

अबजीत सिंह को भारतीय सेना में भर्ती होने के बाद आईएमए, देहरादून भेजा गया। वे दिसंबर 1969 में बतौर सेकंड लेफ्टिनेंट पास हुए। इसके बाद उन्हें 7वीं मद्रास बटालियन में नियुक्त किया गया, जो अपनी वीरता और शौर्य से समृद्ध इतिहास के लिए जानी जाती है।

अप्रैल 1988 में लेफ्टिनेंट कर्नल अबजीत सिंह श्रीलंका में शांति स्थापना के प्रयासों के तहत अपनी बटालियन की कमान संभाल रहे थे। 13 अप्रैल को सुरक्षा बलों को 7 मद्रास के जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में आने वाले वन्नेरिकुलम नामक स्थान पर कुछ खूंखार उग्रवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली। अबजीत सिंह ने सीओ के तौर पर इसका विश्लेषण करने के बाद तय किया कि उग्रवादियों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। जल्द ही टीम उस इलाके में पहुंच गई और उसने गोलीबारी कर उग्रवादियों को भयभीत कर दिया।

ले. कर्नल अबजीत सिंह आगे बढ़कर अपने जवानों का नेतृत्व कर रहे थे। वे जवानों को जरूरी आदेश देते जा रहे थे। इसी दौरान अबजीत सिंह ने दो उग्रवादियों को मार गिराया। पता चला कि उनमें से एक उग्रवादी वहां का एरिया कमांडर था। 21 अप्रैल को एक बार फिर सूचना मिली कि उरीथिरापुरम में लगभग एक दर्जन उग्रवादी मौजूद हैं। अबजीत सिंह ने उनके खिलाफ भी अभियान चलाने का फैसला किया। भारतीय जवान उस इलाके में पहुंच गए, जहां उग्रवादियों ने ठिकाना बना रखा था।

गोला-बारूद से लैस उग्रवादियों ने जवानों की ओर बड़ा हमला बोला, लेकिन अबजीत सिंह ने अपने साथियों को इस तरह तैनात किया था, जिससे दुश्मन की चाल नाकाम हो गई। उन्होंने एक उग्रवादी को मार गिराया और एक को बुरी तरह घायल कर दिया।

हालांकि भीषण गोलीबारी के दौरान ले. कर्नल अबजीत सिंह को सीने में गोली लगी और वे वीरगति को प्राप्त हो गए। अबजीत तो बलिदान हो गए, लेकिन उन्होंने अपनी व्यूह-रचना से कई साथियों की जान बचा ली। ले. कर्नल अबजीत सिंह को वीर चक्र से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी मामला

# अनमोल बिश्नोई के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मुंबई। मुंबई के बांद्रा में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर इस महीने की गई गोलीबारी के मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' (एलओसी) जारी किया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस लॉरेंस बिश्नोई को भी हिरासत में ले सकती है, जो इस समय गुजरात की साबरमती जेल में बंद है और वह मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) लगाने पर भी विचार कर रही है। उन्होंने बताया कि अनमोल बिश्नोई ने गोलीबारी की जिम्मेदारी ली थी और जांच में भी उसकी संलिप्तता सामने आई है जिसके बाद मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को एलओसी जारी किया।

अधिकारी ने कहा, अनमोल और लॉरेंस बिश्नोई को मामले में वांछित आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। अनमोल बिश्नोई कनाडा में रहता है और अक्सर अमेरिका जाता रहता है लेकिन उसने फेसबुक पर जिस खाते से 'पोस्ट' करके गोलीबारी की जिम्मेदारी ली थी, उसका 'आईपी एड्रेस' पुर्तगाल का पाया गया है। पुलिस ने 14 अप्रैल की सुबह सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास 'गैलेक्सी अपार्टमेंट' पर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों द्वारा गोलीबारी किए जाने के मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी।

पुलिस ने बताया कि कथित हमलावर विकी गुप्ता (24) एवं सागर पाल (21) को सोनू कुमार सुभाष चंदर बिश्नोई (37) और अनुज तपन (32) के साथ गिरफ्तार किया गया था। विकी गुप्ता और सागर पाल बिहार के निवासी हैं। उन्हें सोनू एवं अनुज ने 15 मार्च को दो देसी पिस्तौल एवं कारतूस उपलब्ध कराए थे। उसने बताया कि सोनू और अनुज फाजिल्का के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा, दोनों (सोनू एवं अनुज) पंजाब के गंगापुर में दर्ज गोलीबारी के एक मामले में भी लॉरेंस एवं अनमोल बिश्नोई के साथ सह आरोपी हैं।

### नृत्य



हैदराबाद में पुरस्कार विजेता कुचिपुडी नृत्यांगना श्रव्या मनसा भोगिरेड्डी अपनी टीम के साथ शनिवार को स्पेस फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स के भव्य लॉन्च पर कुचिपुड़ी नृत्य प्रस्तुत करती हुई।

### स्वागत



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का शनिवार को गुवाहाटी में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में एक चुनावी रैली में पार्टी नेताओं द्वारा स्वागत किया गया।

# प्रधानमंत्री के संकेत देने के बाद शिवराज चौहान के दिल्ली में बड़ी भूमिका निभाने की संभावना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भोपाल। मध्य प्रदेश के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह चौहान के राष्ट्रीय राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में एक चुनावी रैली में कहा था कि वह उन्हें दिल्ली (केंद्र में) ले जाना चाहते हैं। वर्ष 2005 से 2023 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे चौहान अपने गढ़ विदिशा से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र भोपाल-दिल्ली रेल मार्ग पर स्थित एक प्राचीन शहर है। चौहान का मुकाबला कांग्रेस के प्रताप भानु शर्मा से है, जिन्होंने 1980 और 1984 में यह सीट जीती थी। इस निर्वाचन क्षेत्र के 1967 में अस्तित्व में आने के बाद से केवल इन्हीं दो चुनावों में कांग्रेस ने वहां जीत दर्ज की थी।

मोदी ने 24 अप्रैल को राज्य के हरदा में एक रैली में चौहान की प्रशंसा करते हुए कहा था कि उन दोनों (मोदी और चौहान) ने पार्टी संगठन और मुख्यमंत्रियों के रूप में एक साथ काम किया है। मोदी ने रैली में कहा था, जब शिवराज संसद गए थे, तब मैं पार्टी महासचिव के रूप में साथ काम कर रहा था। अब मैं उन्हें एक बार फिर अपने साथ (दिल्ली) ले जाना चाहता हूं। संयोग से, चौहान लोकसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा के बाद दिल्ली जाने वाली ट्रेन से विदिशा पहुंचे थे।



उन्होंने पिछले साल के विधानसभा चुनाव में भाजपा को शानदार जीत दिलाई थी, हालांकि पार्टी ने एक आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए मोहन यादव को उनका उत्तराधिकारी चुना। प्यार से 'मामा' और युवावस्था में 'पांव पांव वाले भैया' कहे जाने वाले चौहान अपना छठा लोकसभा चुनाव विदिशा से लड़ रहे हैं। इस सीट का प्रतिनिधित्व दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी (1991) और सुषमा स्वराज (2009 और 2014) जैसे भाजपा नेता तथा समाचार पत्र प्रकाशक रामनाथ गोयनका (1971) कर चुके हैं। अपने नाम की घोषणा के बाद चौहान ने कहा कि यह सीट उन्हें वाजपेयी ने सौंपी थी और यह खुशी की बात है कि उन्हें 20 साल बाद फिर से इसका प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है।

चौहान ने उस समय कहा था, भाजपा मेरी मां है, जिसने मुझे सब कुछ दिया है। अपने गृह क्षेत्र बुधनी से पहली बार विधायक चुने जाने के बाद, चौहान को 1992 के लोकसभा उपचुनाव में भाजपा द्वारा मैदान में उतारा गया। तत्कालीन सांसद अटल बिहारी वाजपेयी के इस्तीफे के कारण यह उपचुनाव कराने की जरूरत पड़ी थी। चौहान ने बतौर सांसद 2004 तक पांच बार इस सीट का प्रतिनिधित्व किया और फिर इस सीट से उन्होंने इस्तीफा दे दिया तथा 2005 में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे।

# ईरान ने पुर्तगाली ध्वज वाले जहाज के चालक दल में शामिल भारतीय सदस्यों को राजनयिक पहुंच प्रदान की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दुबई। ईरान ने शनिवार को कहा कि दो सप्ताह पहले उसके समुद्री क्षेत्र में ईरानी सुरक्षा बलों द्वारा जब्त किए गए पुर्तगाली ध्वज वाले जहाज के चालक दल के भारतीय सदस्यों को राजनयिक पहुंच प्रदान की जा रही है। ईरान की इस घोषणा के बाद चालक दल में शामिल भारतीय सदस्यों की शीघ्र रिहाई की उम्मीदें बढ़ गई हैं। ईरान के अर्द्धसैन्य बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने 13 अप्रैल को ईरान और इजराइल के हमलों के बीच होर्मुज खाड़ी के पास इजराइल से संबद्ध, पुर्तगाल के ध्वज वाले कंटेनर जहाज एममएससी एरीज को जब्त कर लिया था।

ईरान के विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि पुर्तगाल के नवनियुक्त विदेश मंत्री पाउलो रंगेल ने ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन के साथ फोन पर बातचीत की और द्विपक्षीय संबंधों तथा क्षेत्र की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया, साथ ही फलस्तीन के घटनाक्रम पर भी चर्चा की। टेलीफोन पर हुई इस बातचीत के दौरान दोनों पक्षों ने ईरानी सुरक्षा बलों द्वारा जब्त किए गए पुर्तगाली-ध्वज वाले इजराइली जहाज के संबंध में अपने विचारों का आदान-प्रदान किया।

ईरान के विदेश मंत्री ने कहा, हम मानवतावादी दृष्टिकोण के रूप में जहाज के चालक दल की रिहाई पर गंभीरता से विचार करेंगे और हमने तेहरान में उनके राजदूतों को कांसुलर सेवाओं तक उनकी पहुंच, रिहाई और वापस भेजने की घोषणा की है। एमएससी एरीज के भारतीय चालक दल के 17 सदस्यों में से एकमात्र महिला एन टेसा जोसेफ को तेहरान में भारतीय मिशन और ईरानी सरकार के ठोस प्रयासों के बाद 18 अप्रैल को रिहा कर दिया गया था। इससे पहले बृहस्पतिवार को, नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि भारतीय चालक दल के शेष 16 सदस्यों की वापसी में कुछ तकनीकी जटिलताएं शामिल हैं। एक सवाल पर जायसवाल ने कहा कि चालक दल के 16 भारतीय सदस्यों का स्वास्थ्य ठीक है और भारतीय मिशन को ईरानी अधिकारियों द्वारा भारतीय चालक दल तक राजनयिक पहुंच प्रदान की गई थी।

# हंसल मेहता ने देखी 'लापता लेडीज', कहा- 'कभी-कभी सिर्फ सादगी की जरूरत होती है'

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म निर्माता हंसल मेहता ने किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म 'लापता लेडीज' देखी और इसकी जमकर तारीफ की। फिल्म निर्माता ने फिल्म को सरल, स्पष्ट और आकर्षक रूप से पुराने जमाने का बताया। मेहता ने एक्स पोस्ट पर लिखा, मैंने फिल्म 'लापता लेडीज' देखी। कभी-कभी फिल्म में सिर्फ सरलता और स्पष्टता की आवश्यकता होती है। ये फिल्म कुछ ऐसी ही है। मैंने इससे उम्मीदें लगायी थी, और जितना इस फिल्म में देखा, वह फिल्म उम्मीद से बढ़ कर निकली।''

'लापता लेडीज' आमिर खान, किरण राव और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित एक कॉमेडी-ड्रामा है। फिल्म में नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव, छाया कदम और रवि किशन हैं।



मेहता ने कहा, इसमें पुराने जमाने के तौर-तरीके को दिखाया गया है। यह हास्य से भरपूर है। 'लापता लेडीज' की कहानी दो युवा दुल्हनों के बारे में है। फिल्म में दीपक (स्पर्श श्रीवास्तव) अपनी नई दुल्हनिया फूल (नितांशी गोयल) को शादी के बाद पहली बार ससुराल लाता है, लेकिन लंबे घूंघट के चलते ट्रेन में दूसरे शादी के जोड़े की दुल्हन पुष्पा (प्रतिभा रांटा) को अपनी पत्नी मानकर वह उसे घर लेकर आता है। यहां से कहानी में ट्विस्ट आता है। फिल्म कॉमेडी, शानदार एक्टिंग और ड्रामा से भरी हुई है।



गर्मी

कोलकाता में शनिवार को तपती दोपहरी में चिलचिलाती धूप से बचने के लिए एक लड़की छाता का उपयोग करती हुई।

# 'तारक मेहता' के 'सोढ़ी' गुरुचरण सिंह लापता

मुंबई/एजेन्सी

पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाकर फेमस हुए गुरुचरण सिंह कथित तौर पर लापता हो गए हैं। 50 वर्षीय एक्टर 22 अप्रैल को मुंबई जाने के लिए घर से दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए, लेकिन उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। इसके अलावा, उनका फोन भी ट्रेस नहीं हो पा रहा है। यह घटना पहली बार नहीं है जब शो के किसी कलाकार को परेशानी का सामना करना पड़ा हो या मीडिया का ध्यान आकर्षित किया हो। शो में बावरी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मोनिका भदौरिया ने शो मेकर्स के बुरे बर्ताव की शिकायत की थी। उन्होंने शो के निर्माता असित मोदी पर बकाया नहीं देने और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया।



भदौरिया ने कहा कि उन्हें निर्माता द्वारा इस हद तक प्रताड़ित किया गया कि उन्हें आत्महत्या करने का मन हुआ। तारक मेहता का किरदार निभाने के लिए प्रसिद्ध एक्टर शैलेश लोढ़ा ने अप्रैल 2022 में शो छोड़ दिया। एक्टर शुरुआत से ही शो का हिस्सा थे, लेकिन समय के साथ असित मोदी के साथ उनके रिश्ते में खटास आ गई। शैलेश ने 2022 में 'गुड नाइट इंडिया' नामक एक स्टैंड-अप शो के दौरान एक घटना का हवाला देते हुए असित पर उनके प्रति अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया। शैलेश ने बकाए का भुगतान न करने के लिए असित के खिलाफ मुकदमा दायर किया और शो के निर्माताओं द्वारा इस मुद्दे को हल करने में विफल रहने के बाद नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) से हस्तक्षेप की मांग की।

डॉक्टर हाथी के किरदार के लिए मशहूर अभिनेता कवि कुमार आजाद का जुलाई 2018 में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। आजाद इस शो से नौ साल तक जुड़े रहे थे। निधन से पहले उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण मुंबई के मीरा रोड इलाके में वॉकहार्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

रोशन के किरदार के लिए मशहूर एक्ट्रेस जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने शो के निर्माता असित मोदी पर गंभीर आरोप लगाए। जेनिफर ने असित मोदी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया और कहा कि शो का माहौल पुरुष प्रधानता को बढ़ावा देता है, जिस वजह से उन्हें इससे हटना पड़ा। इसके बाद, उन्होंने कथित यौन उत्पीड़न के लिए असित मोदी, शो के प्रोजेक्ट हेड सोहेल रमानी और कार्यकारी निर्माता जतिन बजाज के खिलाफ शिकायत दर्ज की। कथित तौर पर उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 354 और 509 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# सात दशक तक दर्शकों को दीवाना बनाया जोहरा सहगल ने

## जन्म दिवस पर विशेष



मुंबई/एजेन्सी

भारतीय सिनेमा जगत में जोहरा सहगल का नाम एक ऐसी अभिनेत्री-डांसर के तौर पर याद किया जायेगा जिन्होंने लगभग सात दशक तक अपने अभिनय से दर्शकों को अपना दीवाना बनाया। विलक्षण प्रतिभा और उर्जा से भरपूर जोहरा सहगल ने एक ऐसी अभिनेत्री थी जिसने फिल्मी दुनिया की चार पीढ़ियों पृथवीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर के साथ भी काम किया। 27 अप्रैल 1912 को उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में जन्मीं जोहरा का जीवन के प्रति उत्साह और उनके मोहक अंदाज देखते ही बनता था। जोहरा सहगल जब एक साल की थी तब उनकी बांई आंख की रोशनी चली गई। उस समय तीन लाख पाउंड खर्च कर लंदन के एक अस्पताल में इलाज कराया गया और आंख की रोशनी लौटी। जोहरा की पढ़ाई लड़कों की स्कूल में हुई इसलिए उनका स्वभाव अल्हड़ था।

बताया जाता है कि जोहरा स्कूली दिनों में पेड़ों पर चढ़ जाया करती और लडकों जैसी शरारत करती थी। जोहरा का मतलब है गुणी और हुनरमंद स्त्री। वर्ष 1929 में मैट्रिक और 1933 में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद जोहरा ने डांसर बनने का सोचा1जोहरा ने जर्मनी में उदयशंकर का शिव-पार्वती नृत्य देखा और उनके अलमोड़ा स्कूल में शमिल हो गईं1ख्वाजा अहमद अब्बास ने जोहरा सहगल को ...भारत की इंसाडोरा डंकन.. कहा था। जोहरा सहगल ने अपने करियर की शुरूआत बतौर डांसर के रूप में वर्ष 1935 में उस जमाने के जानेमाने डांसर उदय शंकर के साथ की1उदय शंकर के साथ जोहरा सहगल ने जापान.मिस्र.यूरोप और अमेरिका सहित कई देशें में अपने डांस कार्यक्रम पेश किए1वर्ष 1942 में जोहरा सहगल ने वैज्ञानिक.पेंटर और डांसर कमलेशवर सहगल से शादी कर ली। .. बतौर अभिनेत्री जोहरा सहगल ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1946 में प्रदर्शित फिल्म धरती के लाल से की। इप्टा के सहयोग से बनी ख्वाजा अहमद अब्बाद निर्देशित पहली फिल्म धरती के लाल से बलराज साहनी ने भी बतौर अभिनेता अपने करियर का आगाज किया था1इसी वर्ष जोहरा सहगल को एक और फिल्म नीचा नगर में भी काम करने का अवसर मिला।

वर्ष 1950 में जोहरा सहगल को चेतन आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म अफसर में काम करने का अवसर मिला1इस फिल्म में देवानंद ने मुख्य भूमिका निभायी थी1फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर कामयाब नही हुयी लेकिन जोहरा सहगल के अभिनय को दर्शकों ने अवश्य पसंद किया1इसके बाद जोहरा सहगल ने कुछ फिल्मों में कोरियोग्राफर के तौर पर भी काम किया। जोहरा सहगल ने अपने करियर के दौरान हिंदी फिल्मों के अलावा कई अंग्रेजी फिल्मों में भी काम किया1जोहरा सहगल ने 14 साल तक पृथ्वी थियेटर के साथ काम किया। वह भारतीय जन नाटय संघ:इप्टा: से भी जुड़ी रही1जोहरा सहगल को उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुये भारत सरकार ने वर्ष 1998 में पदमश्री.वर्ष 2002 में पदमभूषण और वर्ष 2010 में पदम विभूषण से सम्मानित किया।

वर्ष 2007 में जोहरा सहगल ने चीनी कम में अमिताभ बच्चन की मां की भूमिका निभायी1वर्ष 2007 में ही प्रदर्शित फिल्म सावंरिया में भी जोहरा सहगल ने काम किया था1संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी फिल्म सांवरिया से रणबीर कपूर और सोनम कपूर ने अपने करयिर की शुरूआत की थी। वर्ष 2012 में जोहरा सहगल ने जब 100 साल पूरे किए थे तब अमिताभ बच्चन ने उन्हें 100 साल की बच्ची कहा था1अमिताभ ने कहा था कि जोहरा एक छोटी सी बच्ची की तरह है और इस उम्र में भी उनकी असीमित उर्जा देखते ही बनती है। अमिताभ ने कहा था मैंने उन्हें कभी भी निराश या किसी दुविधा में नहीं देखा वो हमेश हंसती.खिलखिलाती रहती हैं1अमिताभ ने बताया था कि चीनी कम के सेट पर जोहरा हमेशा सबको बडे प्यार से पुरानी कहानियां सुनाया करती थीं।



# 'कल्कि 2898 एडी' का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है।

नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'कल्कि 2898 एडी' का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है।नये पोस्टर में मास्क पहना एक शख्स हाथ में हथियार लिए खड़ा दिखाई दे रहा है। मास्क पहने शख्स के ऊपर एक गोली और चाबी जैसी साइन बना दिखाई दे रहा है। नागअश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित 'कल्कि 2898 एडी' बहुभाषी फिल्म है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

8

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com

चेन्नई | रविवार | 28-04-2024 /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8


मनुष्य के व्यक्तित्व का प्रभाव उसकी वाणी में झलकता है। जिस तरह संगीत वाद्ययंत्र की पहचान उसके स्वर से होती,उसी तरह व्यक्ति की पहचान उसकी वाणी से होती है। कर्मसत्ता नें हमें दो कान और एक मुंह दिया है ताकि सुने ज्यादा और बोले कम। ये कभी न भूले कि बोलना मुंह का पार्ट टाइम काम है, मुंह का मुख्य काम खाना खाना और पानी पीना है। लेकिन लोगों ने मुंह का मुख्य काम बोलने का बना दिया है। भाषा की सबसे बड़ी परेशानी ये है कि हम जो बात दूसरों तक पहुंचाना चाहते हैं वो सामने वाले व्यक्ति तक उसी स्वरूप में उसी अवस्था में नहीं पहुंच पाती।

# विपदा की स्थिति में स्वयं बने सशक्त और दूसरों के सहायक बनें : प्रदीप भट्ट

## दो दिवसीय शिविर में एनडीआरएफ टीम किशोरों को सिखा रहे आपदा प्रबंधन के गुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**चेन्नई।** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के तत्वाधान में तेरापंथ युवक परिषद् चेन्नई द्वारा दो दिवसीय तमिलनाडु लेवल फिजिकल कैम्प तेरापंथ सभा भवन, साहुकारपेट में शनिवार को प्रारम्भ हुआ। अभातेयुप राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा के निर्देशन में पहले तमिलनाडु स्तरीय कैम्प में आरक्कोणम स्थित नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ) इसे हिंदी में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल कहा जाता है, के सब इंस्पेक्टर प्रदीप भट्ट अपनी टीम के साथ किशोरों को किसी भी विपरीत परिस्थितियों, घटनाओं में से कैसे स्वयं सुरक्षित रहते हुए, दूसरों को भी सुरक्षित रखा जा सकता है, ऐसे विभिन्न तरीकों से प्रशिक्षण दे रहे हैं।

केम्प का शुभारम्भ नमस्कार महामंत्र के सामुहिक स्मरण के साथ हुआ। जैन संस्कारक स्वरूप चन्द दाँती, हनुमान सुकलेचा ने विविध मंगल मंत्रोच्चारण के साथ जैन संस्कार विधि से कैम्प का मंगल शुभारम्भ करवाया। राष्ट्रीय टीटीएफ संयोजक मनीष पटावरी ने ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़ कर शुभकामनाओं के साथ बताया कि अभातेयुप का सामाजिक सेवा का विशिष्ट आयाम तेरापंथ टास्क फोर्स (टीटीएफ) के अन्तर्गत समाज के नौनिहाल किशोरों को प्रशिक्षित करने के लिए देश के अलग अलग हिस्सों में ऐसे केम्पों का समय समय पर आयोजन किया जाता है। चेन्नई परिषद् अतिअल्प समय के निर्देशन में इस शिविर का आयोजन कर रही है, उसके लिए अभातेयुप की ओर से धन्यवाद दिया। एनडीआरएफ टीम की सक्रिय सेवाओं के लिए साधुवाद दिया और सभी किशोरों का अभिनन्दन किया। तेयुप अध्यक्ष दिलीप गेलड़ा ने स्वागत स्वर प्रस्तुत करते हुए, एनडीआरएफ टीम सदस्यों का तेयुप की ओर से सम्मान किया।

सब इंस्पेक्टर प्रदीप भट्ट के निर्देशन में उनकी टीम द्वारा किशोरों को वीडियो क्लिप के साथ, उन्हें स्वयं के द्वारा एक दूसरे को कैसे बचाया जा सकता है, वैसे प्रेक्टिकल करके सिखाया जा रहा है। बाढ़, अग्नि, जल भराव, बस–रेल दुर्घटना इत्यादि सामुहिक विपदाओं के अलावा व्यक्तिगत रूप से किसी के हार्टअटैक, घुटन, रक्तस्राव, फैक्चर आदि परिस्थितियों में कैसे उन्हें उठाना और ले जाना, ऐसे विविध प्रयोग व्यक्तिश: करके सिखाये जा रहे हैं। इस कैम्प में 25 किशोर सहभागी बन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुधीर संचेती, मंत्री कोमल डागा, सहमंत्री नवीन बोहरा, संगठन मंत्री नीतेश मरलेचा, एटीडीसी पुलझ संयोजक प्रदीप सुराणा, किशोर मंडल प्रभारी सुरेश तातेड, सहप्रभारी ऋषभ सुकलेचा, कार्यसमिति सदस्य अनुराग पुगलिया, कार्यक्रम संयोजक तमन सियाल के साथ युवक परिषद्, किशोर मंडल के किशोर साथी उपस्थित थे। उपासक श्रेणी राष्ट्रीय शिविर संयोजक जयंतीलाल सुराणा, उपासक स्वरूपचन्द दाँती आदि ने आध्यात्मिक से शक्ति सम्पन्न बनने की प्रेरणा दी। सामायिक अनुष्ठान में उपासक परिवार के अनेक उपासक उपासिकाओं के साथ श्रावक समाज सहभागी बना। मंत्री कोमल डागा ने आभार ज्ञापन दिया।



# महावीर जिनालय पर हुआ ध्वजारोहण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शनिवार को महावीर जिपवन मैसूरु में स्थित महावीर जिनालय की 17वीं ध्वजारोहण कार्यक्रम साध्वीश्री जितरत्नाश्री जी. म. सा. की पावन निश्रा में ध्वजा चढ़ाई गई। सुबह महावीर जिन मंदिर में पक्षाल पूजा के साथ सत्तर भेदी पूजा सुमतिनाथ जैन महिला मंडल द्वारा पढ़ाई गई बाद में लाभार्थी परिवार स्व. कमलादेवी हेमचन्दजी के आशीर्वाद से वसंतकुमार सुरेश कुमार अजीत अभय मोडरेसा परिवार ने अल्पाहार का लाभ लिया।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सुमतिनाथ संघ के अध्यक्ष भेरूलाल राठौर, पूर्व अध्यक्ष अशोककुमार दांतेवाडी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष कांतिलाल चौहान, उपाध्यक्ष वसंत राठौर, सचिव प्रवीण दांतेवाडी, खजांची पारसमल सतवत, सहसचिव घेवरचंद जैन, ट्रस्टी जयंतीलाल जैन आदि उपस्थित थे।




# गणगौर द्वारा कैंसर जांच शिविर का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु (रजत) की महिला इकाई 'गणगौर' ने नि:शुल्क स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया। इस मौके पर गणगौर की अध्यक्ष रेखा सिंघी ने पधारे हुए सभी जनों का स्वागत किया। ग्लोब कंपोनेंट प्राइवेट लिमिटेड अंबत्तुर द्वारा प्रतिष्ठान के परिसर में जगह उपलब्ध कराने के लिए कम्पनी के प्रबंधकों का शाल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा रजत के अध्यक्ष प्रवीण टाटीया और महासचिव हेमंत दुगड ने सम्मानित किया। प्रवीण टाटीया ने गणगौर की सदस्यों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की सेवा आप हर महीने करते रहे जिससे कैंसर पर जागरूकता पैदा हो।

शिविर के प्रायोजक विमला देवी प्रतापचंद सिंघी का शाल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा संयोजक विनोद जैन और सहसंयोजक ललित कटारिया ने सम्मान किया। जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी द्वारा चिकित्साधिकारी सहायता प्राप्त करवाने हेतु उनका सम्मान साल एवं स्मृति चिन्ह द्वारा रेखा सिंघी और सहअध्यक्ष ममता अग्रवाल ने किया। जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तमिलमनी ने आए हुए सभी शिविर के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए इस जांच शिविर के अनगिनत लाभों के बारे में सभी को अवगत करवाया। लगभग 60 महिलाएं इस शिविर के माध्यम से लाभान्वित हुए।

इस मौके पर अजय नाहर, सरिता खेमका, प्रगति जैन, सरोज जैन, कंचन बिसानी, पुनीता खेमका, ने सहयोग प्रदान कर इस शिविर में सक्रियता से सेवा प्रदान की। ममता अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित और शालिनी अग्रवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# कांग्रेस एक और पाकिस्तान बनाने का जहर बो रही है : केशव प्रसाद मौर्य



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को कांग्रेस और मुस्लिम लीग की सोच एक जैसी बताते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस एक और पाकिस्तान बनाने का जहर बो रही है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि ''कांग्रेस और मुस्लिम लीग की सोच एक जैसी है। इसी संदेश में उन्होंने कहा, ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना ख़तरनाक शुरूआत है, एक नया पाकिस्तान बनाने का ज़हर बोना है। उन्होंने दावा किया, मुस्लिम वोट बैंक के लिए कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के तहत कर्नाटक आरक्षण मॉडल देश भर में लागू करना चाहती है।

मौर्य ने कहा, कांग्रेस देश में जाति जनगणना कर एक्स–रे करने की बात कर रही है, लेकिन राहुल गांधी को यह ज्ञात नहीं है कि देश की जनता उनके षड्यन्त्र की एमआरआई कर रही है।

इसके पहले शुक्रवार को मौर्य ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अधिकारों को छीनकर इन्हें मुस्लिमों को देने की ''साजिश'' रची है।



# प्रवासी राजस्थानी समाज बंधुओं ने केंद्रीय मंत्री मेघवाल का किया स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। यहां राजस्थान के बीकानेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के आगमन पर हुब्बल्ली हवाई अड्डे पर प्रवासी राजस्थानी समाज बंधुओं ने आगवानी कर सम्मान किया। इस दौरान जैन युवा संघठन के अध्यक्ष इन्दर कुमार जैन, मारवाड़ी युवा मंच हुब्बल्ली शाखा के अध्यक्ष सुभाष चंद्रा डंक, सुथार समाज के पूर्व अध्यक्ष हरीश सुथार, जगदीश सुथार, बीजेपी नेता हितेश जैन, प्रिंस शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान मेघवाल ने सभी से हाल चाल जाने और व्यापार व्यवसाय के बारे में जानकारी ली। सभी राजस्थानी बंधुओं को अपने कर्मभूमि में मोदीजी का पूरा सहयोग करना है और ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगो से निवेदन कर वोटिंग करने के लिए आगे लाना है। मेघवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी समस्त राजस्थानी समाज बंधुओ ने महेश टैंगिंकाई के पक्ष वोटिंग कर बीजेपी के हाथ मजबूत किये थे। उसी प्रकार इस बार भी केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के पक्ष में वोटिंग कर प्रधानमंत्री मोदी का हाथ मजबूत करना है। केन्द्रीय मंत्री मेघवाल का सभी प्रवासी बंधुओं ने स्वागत किया।

# पाकिस्तान को 'गुलाम' बनाने वाले लोगों से समझौता करने के बजाए जेल में रहने के लिए तैयार हूं : इमरान खान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उन लोगों के साथ कोई भी समझौता करने से इनकार कर दिया जिन्होंने देश को गुलाम बना दिया है और उन्होंने कहा कि वह नौ और साल जेल में रहने के लिए तैयार हैं लेकिन इन लोगों के साथ कभी कोई समझौता नहीं करेंगे। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 28वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को जारी संदेश में खान ने कहा कि देश पर तानाशाही थोपी गयी है जो अर्थव्यवस्था, शासन, लोकतंत्र और न्यायपालिका के विनाश का आधार बन रही है। जेल में बंद खान ने कहा, यह देश के लिए मेरा संदेश है कि मैं वास्तविक आजादी के लिए आवश्यक कोई भी बलिदान दे दूंगा लेकिन अपने देश की आजादी से कभी समझौता नहीं करूंगा।

खान ने कहा कि उन्हें फर्जी और मनगढ़ंत मामलों के कारण पिछले नौ महीने से जेल में रखा गया है। उन्होंने कहा, अगर मुझे नौ और साल जेल में रहना पड़ा तो मैं जेल में रहूंगा लेकिन मैं उन लोगों के साथ कभी समझौता नहीं करूंगा जिन्होंने मेरे देश को गुलाम बना लिया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री का यह संदेश तब आया है जब 'पीटीआई' नेता शहरयार अफरीदी ने दावा किया कि पार्टी बात करेगी लेकिन बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी या सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज के हालिया प्रस्तावों के बाद उनके साथ बातचीत नहीं करेगी। अफरीदी ने कहा, हम सेना प्रमुख, आईएसआई के महानिदेशक और सेना के साथ बात करेंगे क्योंकि समय की मांग देश की सुरक्षा को प्राथमिकता देना है।

# उत्तराखंड में जंगल की आग बुझाने के लिए वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद ली गई: धामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



देहरादून/भाषा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कहा कि नैनीताल जिले के जंगल में लगी आग पर भारतीय वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर के जरिये काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।

पाइंस इलाके में हाई कोर्ट कॉलोनी तक आग की लपटें पहुंचने से शुक्रवार को जिले में स्थिति और खराब हो गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि एमआई–17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से एक बांबी बकेट (एक विशेष बाल्टी) में पानी लिया और उससे जिले के पाइंस, भुमियाधर, ज्योलिकोट, नारायण नगर, भवाली, रामगढ़ और मुक्तेश्वर इलाकों के दहकते जंगलों पर छिड़काव किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही आग पर काबू पा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, भारतीय वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर ने आग बुझाने का काम पहले ही शुरू कर दिया है।

धामी ने कहा कि वह स्थिति की समीक्षा के लिए आज हल्द्वानी में वन अधिकारियों के साथ एक बैठक करेंगे।

रुद्रप्रयाग में जंगलों में आग लगाने की कोशिश के आरोप में शुक्रवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को राज्य के विभिन्न स्थानों पर जंगलों में आग लगने की 31 नई घटनाएं सामने आईं जिनमें 33.34 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ।

नैनीताल जिला मुख्यालय के पास के जंगलों में लगी आग ने शुक्रवार को भीषण रूप ले लिया था। आग से पाइंस क्षेत्र में स्थित हाईकोर्ट कॉलोनी को भी खतरा पैदा हो गया है जबकि क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित हुआ है।

आग पर काबू पाने के प्रयासों में वन्यकर्मियों के अलावा सैन्यकर्मी भी शामिल हैं।

पाइंस इलाके के एक निवासी और उत्तराखंड उच्च न्यायालय के सहायक पंजीयक अनिल जोशी ने कहा, आग ने शुक्रवार को द पाइंस के निकट स्थित एक पुराने और खाली मकान को अपनी चपेट में ले लिया। इससे हाईकोर्ट कॉलोनी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन यह खतरनाक रूप से इमारतों के करीब तक पहुंच गई।

आग के कारण जिला प्रशासन ने नैनी झील में नौकायन पर रोक लगा दी है।

नैनीताल के मंडलीय वन अधिकारी चंद्रशेखर जोशी ने कहा, हमने आग बुझाने के लिए मनोरा रेंज के 40 कर्मियों और दो वन रेंजर को तैनात किया है।

पिछले साल एक नवंबर से अब तक प्रदेश में वन में आग लगने की कुल 575 घटनाएं सामने आयी हैं जिनमें 689.89 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ और 14 लाख रुपए से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ।

## जनसेवा — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अन्नाद्रमुक पार्टी की प्रमुख रही पुराचि तलैवी जयललिता के जन्मदिन के मौके पर शनिवार को नेता प्रतिपक्ष,एआईएडीएमके महासचिव एडप्पादियार, पूर्व मंत्री एसपी वेलुमणि, कोयंबटूर नगर जिला खेल सचिव उत्तर विधानसभा सदस्य अन्नान अम्मन अर्जुन आदि की उपस्थिति में गर्मी से त्रस्त लोगों को राहत देने के लिए साईबाबा कॉलोनी में छाछ पंडाल में फलादि का वितरण किया गया।

# अपोलो हॉस्पिटल द्वारा मेगा हेल्थ चैकअप कैम्प आज

**बेंगलूरु।** जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी बेंगलूरु के तत्वावधान में श्री जिनदत्त कुशल सूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल बसवनगुडी द्वारा जैन रिलीफ फाऊन्डेशन के साथ मिलकर मेगा हैल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। मंडल के अध्यक्ष अरविन्द कोठारी ने बताया कि इस कैम्प में अपोलो हॉस्पिटल्स बैंगलोर से डॉक्टर्स की टीम ईसीजी एवं अन्य जांचों में तकनीकी सहयोग के साथ हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ कृष्ण कुमार कार्डियोलॉजिस्ट एवं उनकी टीम के साथ फिजीशियंस की कन्सल्टेंसी सेवाएं प्रदान करेंगी। मंडल के मंत्री ललित डाकलिया ने जानकारी देते हुए कहा कि रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलने वाला यह शिविर जिन कुशल सूरी जैन आराधना भवन में आयोजित किया जाएगा। और कोई भी व्यक्ति इस जांच हेतु रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके साथ ही इस कैम्प में जैन रिलीफ फाऊन्डेशन हैल्थ डिस्काउंट कार्ड भी बनाए जाएंगे। उपाध्यक्ष अनिल भडकतिया के साथ इस कैम्प के संयोजक धर्मेन्द्र संकलेचा, रनजीत मेहता, नितेश बोहरा और कुनाल मरलेचा के साथ मंडल के अनेक सदस्य अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।


Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.


Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.